अब वेब पर भी www.rashtriyaprastavana.com | उत्तर प्रदेश (लखनऊ व कानपुर) से एक साथ प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्र | आर.एन.आई. नं.-यूपीएचआईएन/2011/37605



# दैनिक राष्ट्रीय प्रस्तावना

**गाँव से गवर्नेन्स तक**



लखनऊ, रायबरेली, इलाहाबाद, आजमगढ़, अयोध्या, झांसी, अम्बेडकरनगर, एटा, औरैया, अमेठी, फतेहपुर, बांदा, उन्नाव, लखीमपुर, मुरादाबाद, कन्नौज, बाराबंकी, सीतापुर, जौनपुर, श्रावस्ती, उरई, जालौन, फिरोजाबाद, हरदोई, मथुरा, कानपुर, ललितपुर, गोण्डा, सहारनपुर, सिद्धार्थनगर, सन्तकबीरनगर, नोयडा, सुलतानपुर, कासगंज सहित प्रदेश के समस्त क्षेत्रों में बहुप्रसारित

वर्ष : 15 अंक 246 | लखनऊ, गुरुवार, 26 मार्च 2026 | पृष्ठ: 8 | मूल्य : 2.00

## संक्षिप्त

### गुजरात विधानसभा में समान नागरिक संहिता विधेयक पारित देश का दूसरा राज्य बना

गांधीनगर। गुजरात विधानसभा में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) विधेयक आज बहुमत से पारित हो गया है। इसके साथ ही उत्तराखंड के बाद गुजरात यूसीसी लागू करने वाला देश का दूसरा राज्य बन गया है। बिल पारित होने के बाद सदन में सत्तापक्ष के सदस्यों ने समर्थन जताते हुए जय श्री राम के नारे लगाए और मेज थपथपाकर स्वागत किया। सदन में बिल के विरोध में विपक्षी सदस्यों ने सवाल उठाएं। वहीं सत्तापक्ष के सदस्यों ने इस बिल को समानता, न्याय और राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने वाला बताया। गुरुवार को विधानसभा में राज्य के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने समान नागरिक संहिता विधेयक पेश किया। जिसके बाद सदन में 7 घंटे में लंबी चर्चा हुई। चर्चा के दौरान हलाला प्रथा, शाह बानो केस, अभिनेता धर्मेंद्र के दूसरे विवाह और श्रद्धा वाकर जैसे मामलों का भी उल्लेख किया गया।

### यौन उत्पीड़न मामले में शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद को बड़ी राहत, जमानत

प्रयागराज। ज्योतिष्पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को इलाहाबाद उच्च न्यायालय से बड़ी राहत मिली है। कथित यौन उत्पीड़न और पोक्सो एक्ट के तहत दर्ज मामले में हाईकोर्ट ने बुधवार को उन्हें सशर्त अग्रिम जमानत दे दी है। जस्टिस जितेंद्र कुमार सिन्हा की बेंच ने अपराह्न 3:45 बजे यह अहम फैसला सुनाया। कोर्ट के इस आदेश के बाद अब शंकराचार्य की गिरफ्तारी पर रोक लग गई है। जमानत अर्जी मंजूर करते हुए हाईकोर्ट ने कुछ शर्तें भी लगाईं है और कहा है कि शर्तों का उल्लंघन करने पर जमानत निरस्तीकरण की अर्जी दाखिल किया जा सकता है। कोर्ट ने दोनों पक्षों को अनावश्यक मीडिया में बयानबाजी करने पर पाबंदी लगाई है।

# बिना भेदभाव सबका पुनर्वास सरकार की प्राथमिकता : योगी

## मुख्यमंत्री योगी ने बहराइच में 136 परिवारों को दिया आवास एवं भूमि पट्टा

- भगवान राम जी के अनुज भरत जी के नाम पर कालोनी का नाम रहेगा भरतपुर

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



बहराइच। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को जनपद बहराइच में मुख्यमंत्री आवास, शौचालय और आवास के लिए भूमि के पट्टों के 136 लाभार्थी परिवारों को वितरण किया। उन्होंने कहा कि इन परिवारों को यह सब पहले ही मिल जाना चाहिए था, लेकिन जाति के नाम पर बाँटने वाले लोगों ने देश की जितनी अपूर्णनीय क्षति आजादी के बाद से लगातार की है, उसका खामियाजा यह देश लगातार भुगता है, लेकिन अब मोदीजी के नेतृत्व में एक भारत श्रेष्ठ भारत के रूप में कार्य हो रहा है।

योगी आदित्यनाथ आज बहराइच जिले के सेमरहना में भरथापुर के विस्थापित परिवारों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जिन 136 परिवारों के 500 लोगों को पिछली सरकारों ने नजरअंदाज किया, आज उन्हें नया जीवन देने का कार्य हो रहा है। अब कोई भी गरीब, दलित, पिछड़ा या जनजातीय परिवार उपेक्षित नहीं रहेगा। उन्होंने विपक्षी दलों पर तीखे प्रहार करते हुए कहा कि आज जो लोग पीडीए की बात करते हैं, उनसे पूछा जाना चाहिए क्या ये मुन्नालाल मौर्य उसका हिस्सा नहीं हो सकता था? क्या ये भरतापुर के यादव उसके हिस्से नहीं हो सकते थे? क्या यहां का दलित उसका हिस्सा नहीं हो सकता था? क्या यहां के जनजातीय थारू समुदाय के लोगों को इसका अधिकार नहीं मिलना चाहिए था? उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में एक भारत श्रेष्ठ भारत के लिए की तरह अगर कार्य पहले करने का प्रयास किया होता तो इन गरीबों और वंचितों को भी सुविधाएं मिलती और इनका पुनर्वास बहुत पहले हो गया होता।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि कौडियाला सरयू नदी हादसे के बाद जब गांव की स्थिति देखी, तो यह पाया कि ये लोग जंगल असुरक्षित हालात में रह रहे थे। बाघ, हाथी और तेंदुए का डर, तो दूसरी ओर नदी में मगरमच्छ और सांपों का खतरा था। यहां न सड़क थी, न बिजली और न ही पक्के मकान हैं? उन्होंने प्रशासन को निर्देशित किया कि बन रही इस नयी कॉलोनी का नाम भरतपुर ही रखना सुनिश्चित करें। भरतापुर से अब भरतपुर इसका नाम ही रखना और ग्राम पंचायत भी वही रहे, लेकिन वहां पर इसका नाम भरतपुर रहे क्योंकि राम भगवान राम के जन्मदिन के एक दिन पहले जब भगवान राम 14 वर्ष के वनवास के बाद अयोध्या वापस आए थे, उस समय अयोध्या का शासन भरतजी संभाल रहे थे। उन्होंने भाई से भाई के बीच प्रेम होने का उदाहरण प्रस्तुत किया था।

### 2017 के पहले था पहचान का संकट

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विपक्ष पर करारा प्रहार करते हुए कहा कि वर्ष 2017 से पहले उत्तर प्रदेश में कहीं माफिया का संकट, कहीं गुंडों का संकट, कहीं दंगाइयों का संकट और प्रदेश के बारे में धारणा ऐसी बनाई गई थी कि यहां विकास नहीं चाहिए। यहां पर तो जाति के नाम पर दंगाइयों को प्रश्रय दिया जाता है। उन्होंने कहा कि आजकल नवरात्र चल रहे हैं । इस बार 26 और 27 मार्च को रामनवमी का आयोजन भव्यता के साथ होगा।

# ट्रेनों में 78 प्रतिशत सीटें सामान्य और स्लीपर वर्ग की : वैष्णव

एजेंसी



नई दिल्ली। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि भारतीय रेल में लगभग 78 प्रतिशत सीटें सामान्य और गैर-एसी स्लीपर वर्ग की हैं, जिससे आम और मध्यम वर्ग के यात्रियों को बड़ी राहत मिल रही है।

लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने यह जानकारी देते हुए बताया कि रेलवे की कुल लगभग 69 लाख सीटों में से करीब 54 लाख सीटें गैर-एसी (सामान्य और स्लीपर) वर्ग की हैं, जबकि लगभग 22 प्रतिशत (15 लाख) सीटें एसी श्रेणी में हैं। रेल मंत्री ने कहा कि ट्रेनों के डिब्बों की संरचना में भी आम यात्रियों को प्राथमिकता दी गई है। वर्तमान में लगभग 70 प्रतिशत डिब्बे गैर-एसी (सामान्य और स्लीपर) हैं, जिनकी संख्या करीब 62 हजार है, जबकि एसी डिब्बों की संख्या लगभग 27 हजार है। उन्होंने बताया कि यात्रियों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए भारतीय रेल ने पिछले पांच वर्षों (2021-22 से फरवरी 2026 तक) में 1024 नई ट्रेनें शुरू की हैं, 907 ट्रेनों का विस्तार किया है, 168 ट्रेनों के फ़ेरे बढ़ाए हैं और 4651 अतिरिक्त डिब्बे जोड़े हैं। मंत्री ने कहा कि कम आय और मध्यम वर्ग के यात्रियों को सस्ती यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए 17,000 गैर-एसी डिब्बों के निर्माण का कार्य भी तेजी से किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि सामान्य वर्ग में यात्रा करने वाले यात्रियों की संख्या में लगातार वृद्धि दर्ज की गई है।

# पाकिस्तान के बयान को भारत ने किया खारिज, आतंकवाद पर घेरा

एजेंसी



नई दिल्ली। भारत ने प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन से जुड़े न्यायिक मामलों पर पाकिस्तान के बयान को सख्ती से खारिज किया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बुधवार को मीडिया के सवालों पर कहा कि भारत पाकिस्तान द्वारा जारी इस बयान को पूरी तरह अस्वीकार करता है, जिसमें एक प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन और उसके सदस्यों का समर्थन किया गया है।

उन्होंने कहा कि भारत के आंतरिक मामलों या न्यायिक प्रक्रियाओं पर टिप्पणी करने का पाकिस्तान को कोई अधिकार नहीं है। यह आश्चर्य की बात नहीं है कि एक ऐसा देश, जो लंबे समय से आतंकवाद को बढ़ावा देता रहा है, इस तरह का बयान दे रहा है, जो हिंसा और निर्दोष लोगों की हत्या को उचित ठहराता है। प्रवक्ता ने पाकिस्तान को नसीहत देते हुए कहा कि झूठ और भ्रामक बयानबाजी करने के बजाय उसे अपने यहां हो रहे गंभीर और व्यवस्थित मानवाधिकार उल्लंघनों पर आत्ममंथन करना चाहिए।

उल्लेखनीय है कि दिल्ली की एक अदालत ने मंगलवार को गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत एक मामले में कश्मीरी अलगाववादी नेता आसिया अंद्राबी को आजीवन कारावास और उनकी दो सहयोगी फहमीदा सोफी और नाहिदा नसीम को 30-30 साल की कैद की सजा सुनाई थी। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर इस सजा पर कड़ी आपत्ति जताई थी।

### संसद से पारित हुआ ट्रांसजेंडर व्यक्तियों (अधिकारों का संरक्षण) संशोधन विधेयक, 2026

नई दिल्ली। राज्य सभा ने बुधवार को ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के अधिकारों से जुड़े कानून में संशोधन करने वाला ट्रांसजेंडर अधिकार संशोधन विधेयक 2026 पारित कर दिया। यह विधेयक लोकसभा में मंगलवार को पहले ही पारित किया जा चुका है। राज्यसभा में इसे ध्वनिमत से पारित किया गया। इस विधेयक पर चर्चा के दौरान द्रमुक सांसद तिरुची शिवा ने विरोध करते हुए इसे सेलेक्ट कमिटी में भेजने का प्रस्ताव रखा था, जिसे सदन ने खारिज कर दिया। चर्चा की शुरुआत करते हुए कांग्रेस सांसद रेणुका चौधरी ने कहा कि यह विधेयक ट्रांसजेंडर समुदाय के अस्तित्व का नहीं, बल्कि भेदभाव का मुद्दा है। उन्होंने पूछा कि जब संविधान आज ट्रांसजेंडर समुदाय के साथ खड़ा है। वे सुप्रीम कोर्ट में हैं, पुलिस में हैं और खेलों में देश के लिए पदक जीत रहे हैं। फिर सरकार उन पर नए कानून क्यों थोप रही है?

# अखिल भारतीय साहित्य परिषद महानगर लखनऊ द्वारा संगोष्ठी एवं काव्य समारोह का आयोजन

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। अखिल भारतीय साहित्य परिषद, महानगर लखनऊ द्वारा नवसंवत्सर 2083 विक्रमी के उपलक्ष्य में काव्य समारोह एवं संगोष्ठी का आयोजन दिनांक 24 मार्च 2026, दिन मंगलवार को सृजन विहार, गोमतीनगर, लखनऊ में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अखिल भारतीय साहित्य परिषद के राष्ट्रीय महामन्त्री डॉ. पवनपुत्र बादल द्वारा की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ साहित्यकार नरेन्द्र भूषण एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में अखिल भारतीय साहित्य परिषद की प्रान्तीय इकाई के अध्यक्ष विजय त्रिपाठी रहे। कार्यक्रम का सुन्दर सुरुचिपूर्ण सञ्चालन डॉ. ममता पंकज द्वारा किया गया। अखिल भारतीय साहित्य परिषद, लखनऊ महानगर के अध्यक्ष निर्भय नारायण गुप्त 'निर्भय' की सरस्वती वन्दना व महामन्त्री डॉ. ममता पंकज द्वारा परिषद गीत के गायन से कार्यक्रम का आरम्भ हुआ। कार्यक्रम का आयोजन परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. सुशील चन्द्र त्रिवेदी 'मधुपेश' के आवास पर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ. पवनपुत्र बादल द्वारा संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर किए जाने वाले कार्यक्रमों के सम्बन्ध में विस्तार से बताया गया। उनके द्वारा वर्तमान समय में चल रहे अमरीका और ईरान के युद्ध के कारण उत्पन्न वैश्विक परिस्थितियों के सम्बन्ध में हमारे लोकप्रिय प्रधानमंत्री के वक्तव्य का सन्दर्भ भी दिया गया। उसमें विशेष रूप से नागरिक कर्तव्य का उल्लेख सम्मिलित रहा।

मुख्य अतिथि नरेन्द्र भूषण द्वारा अखिल भारतीय साहित्य परिषद के कार्यकर्ताओं की लेखनी के माध्यम से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को लेकर कुछ लोगों में पनपा हुआ नकारात्मकता का भाव दूर किए जाने की बात पर बल दिया गया।

विशिष्ट अतिथि विजय त्रिपाठी का नवसंवत्सर के आगमन के समय ऋतु परिवर्तन की स्थिति की प्रासंगिकता पर विस्तृत वक्तव्य रहा। परिषद की लखनऊ महानगर इकाई की महामन्त्री डॉ. ममता पंकज द्वारा गत संवत्सर 2082 में सम्पन्न हुए आयोजनों और क्रियाकलापों का विवरण प्रस्तुत किया गया। डॉ. बलजीत श्रीवास्तव द्वारा परिषद की इकाइयों के आयोजनों को उद्देश्यपरक बनाने पर जोर दिया गया। इस अवसर पर पत्रिका साहित्य परिक्रमा का लोकार्पण भी किया गया। कार्यक्रम में विजय त्रिपाठी, नरेन्द्र भूषण, निर्भय नारायण गुप्त 'निर्भय', हौसिला प्रसाद त्रिपाठी 'कुमार तरल', विनोद कुमार गुप्त 'भावुक', डॉ ममता पंकज, राजीव 'वत्सल', राम प्रकाश शुक्ल 'प्रकाश', मनमोहन बाराकोटी 'तमाचा लखनवी', अरविंद रस्तोगी 'धवल', रविशंकर श्रीवास्तव 'रवि' ज्योति किरण रतन के मोहक काव्य पाठ ने काव्य समारोह को अविस्मरणीय बना दिया। काव्य पाठ की श्रृंखला के मध्य राजीव 'वत्सल' द्वारा सुमधुर बॉंसुरी वादन भी किया गया। कार्यक्रम के समापन पर विनोद कुमार गुप्त 'भावुक' द्वारा धन्यवाद ज्ञापन दिया गया।

# ... तो सरकार बनाने यूपी नहीं आ रहे ओवैसी

अभयानंद शुक्ल, कार्यकारी सम्पादक



- 200 सीटों पर चुनाव लड़ने का दम भरने वाली पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष शौकत को सिर्फ 11 विधायक चाहिए
- सपा पर मुस्लिमों की उपेक्षा का आरोप, 111 सीटें पाने के बाद भी ऐसे मामलों से पल्ला झाड़ लेती है पार्टी

लखनऊ। बिहार में मिली सफलता के बाद यूपी की राजनीति में पैर जमाने की जद्दोजहद में लगी ओवैसी की एआइएमआइएम ने लगता है अपना चुनावी टारगेट फिक्स कर दिया है। अभी तक 200 सीटों पर लड़ने का दम भरने वाली इस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष शौकत अली ने मेरठ में कहा कि उन्हें सपा की तरह 111 नहीं, सिर्फ 11 विधायक ही चाहिए। फिर उसके बाद मुसलमानों का एनकाउंटर नहीं होने दिया जाएगा। और यदि ऐसा हुआ तो एनकाउंटर करने वालों का ही एनकाउंटर कर देंगे। यानी उन्होंने अपना टारगेट फिक्स कर लिया है। इसे इस तरह भी कह सकते हैं कि वे इस चुनाव में सरकार बनाने के लिए नहीं, बल्कि किसी की सरकार न बनने देने के लिए उतरने वाले हैं। वैसे ही बाकी विपक्ष लगातार ओवैसी पर भाजपा की भी टीम होने का आरोप लगाता रहता है। और शौकत अली के इस बयान के बाद वह आरोप साबित होता भी दिखाई दे रहा है।

एआईएमआईएम के प्रदेश अध्यक्ष हाजी शौकत अली ने मेरठ में सोमवार को यूपी में कथित तौर पर मुस्लिमों के एनकाउंटर और बुलडोजर कार्रवाई को लेकर विपक्षी दलों विशेषकर सपा और योगी सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने इसके विरोध में समर्थकों से एकजुट होने की अपील की। साथ ही मुस्लिमों के उत्पीड़न की बात प्रदेश के घर-घर में पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने मेरठ में एक ईद मिलन कार्यक्रम के दौरान 2027 के विधानसभा चुनाव का शंखनाद किया। उन्होंने दावा किया कि यदि प्रदेश की जनता उन्हें सपा की तरह 111 नहीं, बल्कि केवल 11 विधायक ही जिताकर दे देती है, तो वे यूपी में किसी मुसलमान का एनकाउंटर नहीं होने देंगे। उनके इस बयान ने उत्तर प्रदेश के राजनीतिक गलियारों में हलचल तेज कर दी है। पुलिस ने भी शौकत अली के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

खैर, अपने भाषण के दौरान शौकत अली ने बिना नाम लिए सपा और अखिलेश यादव पर निशाना साधा और कहा कि जनता ने जिन्हें 111 विधायक जिताकर दिए पर वे खामोश बैठे हैं, जबकि सिर्फ इल्जाम की बुनियाद पर घरों पर बुलडोजर चलाए गए और मुस्लिमों को गोलियां मारी गईं। उन्होंने कहा कि आपका वोट लेने वाले ये कहकर पल्ला झाड़ लेते हैं कि हमारी सरकार नहीं है। पर हम मुसलमानों का उत्पीड़न नहीं होने देंगे। उन्होंने मस्जिदों और मदरसों की हिफाजत के लिए एक डंडा, एक झंडा और एक नेता के नारे के तहत संगठित होने पर जोर दिया। शौकत अली ने क्षेत्रीय भेदभाव का मुद्दा भी उठाया और कहा कि विकास केवल गोरखपुर और सैफई तक सीमित नहीं रहना चाहिए, हम मेरठ में भी विकास कार्य सुनिश्चित कराएंगे।

शौकत अली के बयान पर सपा का कहना है कि ओवैसी की पार्टी के नेताओं के इस तरह के बयान ध्यान देने योग्य नहीं हैं। इस बयान का कांग्रेस भी विरोध कर रही है। कांग्रेस के सांसद इमरान मसूद का कहना है कि ओवैसी की पार्टी उत्तर प्रदेश में आकर मुसलमान वोटों का विभाजन करना चाहती है, क्योंकि वह भाजपा से मिली हुई है। जंगीपुर से सपा विधायक वीरेंद्र यादव ने कहा कि उन लोगों ने पहले बिहार में विपक्ष का काम बिगाड़ा, और अब उत्तर प्रदेश की बारी है। ये लोग झूठे हैं, मक्कार हैं। ये जो भी कहते हैं, ठीक उसका उल्टा करते हैं। जनता का विश्वास इन लोगों से उठ गया है।

वैसे इस मामले में इमरान मसूद की बात में दम है। शौकत अली की बातों से एक बात स्पष्ट है कि वे यूपी में सरकार बनाने के लिए नहीं, बल्कि उपस्थिति दर्ज करने के लिए लड़ना चाहते हैं। इसी कारण 11 विधायक वाला बयान देकर उन्होंने टारगेट भी फिक्स कर दिया है। यानी विपक्ष के उन पर भाजपा की बी टीम होने के आरोपों में दम है, क्योंकि अगर वे ईमानदारी से उत्तर प्रदेश में चुनाव लड़ना चाहते तो ऐसी बात न करते।

शौकत अली के इस बयान पर प्रदेश सरकार के मंत्री और सुभासपा नेता ओम प्रकाश राजभर ने कहा है देश संविधान से चल रहा है और यहां कानून का राज है। आप ऐसे दावे तभी कर सकते हैं, जब आप सरकार बनाएं। भाजपा नेता संगीत सोम ने तो ओवैसी की पार्टी को आतंकवादियों की पार्टी करार दिया है। उन्होंने कहा कि ऐसी पार्टियां सिर्फ अपना स्वार्थ देखती हैं। इसी कारण जनता इन पर भरोसा नहीं करती है।

### केंद्र ने आईवीएफआरटी योजना को 2031 तक बढ़ाने को मंजूरी दी

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने इमिग्रेशन, वीजा, फॉरेनर्स रजिस्ट्रेशन और ट्रैकिंग (आईवीएफआरटी) योजना को अगले पांच वर्षों के लिए बढ़ाने को मंजूरी दे दी है। इस योजना पर 1,800 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को यहां पत्रकारों को कैबिनेट के फैसलों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में कैबिनेट ने आईवीएफआरटी 3.0 योजना को 31 मार्च के बाद अगले पांच वर्षों के लिए बढ़ाने को मंजूरी दी है। यह योजना अब एक अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2031 तक लागू रहेगी। इसके लिए 1800 करोड़ रुपये का बजट तय किया गया है।

# नैमिषारण्य को रेल द्वारा मथुरा से जोड़ें जाने की मांग

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

सीतापुर। पूर्व में प्रेषित पत्र सं0.34/48/50/73/78/57/04/96/102/106/109/115/रे0जी0 स0 शासन/25 क्रमशः दिनांक 10.01.2025 04.02 2025 22 04.2025 एवं 28.07.2025, 30.08.2025 तथा 28.11.2026, 08.12.2025, 22.12.26, 02.01.2020 14 01.28, 28.01.26 तथा 06.03.26 के अनुक्रम में मान्यवर के कृपा संज्ञान में सादर अवगत कराना है कि भारत सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के जिन पाँच तीर्थों को वैश्विक पर्यटन केन्द्र घोषित किया गया है। उनमें काशी अयोध्या प्रयागराज एवं मथुरा के साथ नैनिषारण्य भी है। नैमिषारण्य को छोडकर शेष चारों तीर्थ रेल हवाई मार्ग सहित राष्ट्रीय राजमार्ग एवं एक्सप्रेस वे से जुड़े हुए है किन्तु यातायात के इन साधनों में से नैमिषारण्य को कुछ भी नसीब नहीं है।

यहाँ तक कि कोई फोर लेन सड़क तक नहीं है। तीर्थयात्रियों/श्रृद्धालुओं एवं पर्यटकों सहित उत्तर प्रदेश के नैमिषारण्य को प्रदेश के अन्य तीर्थों पर्यटन केन्द्रों से जुडाव हेतु (कनेक्टिविटी) आवागमन की सुगम एवं नस्ती सुविधा उपलब्ध कराने के निमित्त सर्वप्रथम नैमिषारण्य से हरदोई छीकर फर्रूखाबाद तक 112 कि0मी0 नयी रेल लाइन बिछाकर नैमिषारण्य को मथुरा से रेल द्वारा जोडा जाना नितान्त आवश्यक है. इससे न केवल नैमिषारण्य एवं पाँचों वैश्विक तीर्ण वृत्ताकार रूप में स्वतः आपस में जुड़ जायेगे अपितु भारतीय रेल को एक नया रेत गलियारा भी मिल जायेगा। उक्त प्रस्ताव स्वीकार किये जाने के निमित्त उत्तर प्रदेश के जनपद उन्नाव के 526 श्रद्धालुकों/जाम नागरिकों द्वारा भारत के प्रधानमंत्री से की गयी सामूहि प्रार्थना सम्बन्धी पत्र का प्रथम भाग मूलरूप में सलग्न कर सादर विचारार्थ स्वीकृतार्थ आपकी सेवा में इस प्रार्थना के साम प्रेषित किया जा रहा है कृपया सम्बन्धित मंत्रालय को उचित दिशा निर्देश देने की कृपा करे।

# आंध्र प्रदेश में आतंकी मॉड्यूल से जुड़े 12 संदिग्ध गिरफ्तार

- हैदराबाद से भी एक महिला गिरफ्तार

एजेंसी



हैदराबाद/विजयवाड़ा। आंध्र प्रदेश पुलिस ने अंतरराज्यीय स्तर पर चलाए गए एक बड़े संगठित अभियान में संदिग्ध आतंकी संबंधों वाले 12 लोगों को गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई में हैदराबाद की एक 35 वर्षीय महिला को भी गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस के अनुसार, हैदराबाद के चंचलगुडा रोड स्थित ज़ायका होटल के पास रहने वाली सईदा बेगम पर देशविरोधी गतिविधियों में संलिप्तता के आरोप हैं। आंध्र प्रदेश पुलिस की काउंटर इंटेलिजेंस सेल और विजयवाड़ा पुलिस की संयुक्त टीम ने हैदराबाद पुलिस की मदद से उसके घर पर छापेमारी कर पहले हिरासत में लिया और पूछताछ के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया। बाद में उसे विजयवाड़ा ले जाया गया।

हैदराबाद पश्चिम जोन के एसीपी एन.एस.वी.के. दुर्गा राव ने बताया कि सईदा बेगम की गिरफ्तारी आतंकवादी गतिविधियों में शामिल होने के आरोपों के तहत की गई है।

उन्होंने बताया कि यह कार्रवाई आंध्र प्रदेश में पहले गिरफ्तार किए गए तीन संदिग्धों के आधार पर आगे बढ़ाई गई। इन आरोपितों में विंचपेट निवासी मोहम्मद रहमतुल्ला शरीफ (बाइक टैक्सी चालक), भावानीपुरम के मोहम्मद दानिश (लेजर मार्किंग पेशेवर) और महंथीपुरम के मिर्ज़ा सोहेल बेग (रेस्तरां कर्मचारी) शामिल हैं।

# मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना के तहत 12 हजार गांवों से कस्बों व शहरों के लिए दौड़ेंगी रोडवेज बसें

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में ग्रामीण परिवहन विकास को नई दिशा देने के लिए राज्य सरकार ने बड़ा और निर्णायक कदम उठाया है। मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना 2026 के तहत लगभग 12 हजार ऐसे गांवों में बस सेवा शुरू की जाएगी, जहां अब तक सार्वजनिक परिवहन की सुविधा नहीं थी। यह पहल सिर्फ बस चलाने तक सीमित नहीं है, बल्कि हर गांव तक वास्तविक संपर्क सुनिश्चित करने की है। सरकार का साफ संदेश है, जहां बस जाएगी, वहां संपर्क मार्ग भी होगा और वहीं से शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और बाजार तक पहुंच का रास्ता खुलेगा। ग्रामीण परिवहन पर खर्च 2011-12 में घरेलू बजट के 4.2 फीसदी से बढ़कर 2022-23 में लगभग 7.5 फीसदी हो गया है। प्रदेश सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि प्रदेश में बीते वर्षों में सड़कों का व्यापक जाल बिछा, लेकिन 12 हजार से ज्यादा गांव अब भी सुविधाओं से कटे थे। योगी सरकार ने इस अंतर को पहचानते हुए कनेक्टिविटी की परिभाषा को बदला है। अब केवल सड़क बनाना लक्ष्य नहीं, बल्कि उस सड़क पर नियमित परिवहन सुनिश्चित करना है। यह योजना 59,163 ग्राम सभाओं को जोड़ने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रही है। खास बात यह है कि करीब 05 हजार ऐसे गांव, जहां बड़ी बसें नहीं पहुंच सकतीं, वहां 28 सीटों तक की छोटी बसें चलाई जाएंगी। यानी दुर्गम इलाकों को भी विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का स्पष्ट रोडमैप



तैयार है। बसों की सेवा प्रत्येक ग्राम पंचायत में दिन में कम से कम दो बार सुनिश्चित की जाएगी, जिससे लोगों को नियमित और भरोसेमंद परिवहन सुविधा मिल सके। यह सेवा सुबह 10 बजे से शुरू होगी और बस को रात में 8 बजे तक गांव लौटाना होगा। बसों को परमिट प्रारंभिक रूप से 10 वर्षों के लिए प्रदान किए जाएंगे, आगे इसे बढ़ाया भी जा सकता है। इस योजना में स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन पर भी विशेष जोर है। बसों के चालक और सहायक स्टाफ की भर्ती आसपास के गांवों से की जाएगी, जिससे ग्रामीण युवाओं को रोजगार मिलेगा। साथ ही निजी ऑपरेटरों को भी जोड़ा गया है, जिन्हें परमिट और करों में छूट देकर भागीदारी के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। यह मॉडल न केवल परिवहन व्यवस्था को मजबूत करेगा, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी गति देगा। योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिला मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में समितियां बनाई जाएंगी, जो संचालन, किराया निर्धारण और निगरानी का काम देखेंगी। बसों को रात तक गांवों में लौटना अनिवार्य होगा, जिससे सेवा की निरंतरता बनी रहे। यह पहल उन लाखों ग्रामीण परिवारों के लिए राहत लेकर आएगी, जो अब तक महंगे और अनियमित साधनों पर निर्भर थे।

# उत्तर प्रदेश की लोक एवं जनजातीय संस्कृति को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मिलेगी नई पहचान : जयवीर सिंह

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की समृद्ध लोक एवं जनजातीय संस्कृति के संरक्षण, संवर्धन एवं प्रसार के उद्देश्य से बुधवार को एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुए। यह समझौता ज्ञापन उत्तर प्रदेश लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान, लखनऊ एवं स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय, मेरठ के मध्य संपन्न हुआ।

इस अवसर पर पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने इस समझौते को प्रदेश की सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस साझेदारी से उत्तर प्रदेश की लोक एवं जनजातीय संस्कृति को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान मिलेगी। इस समझौते के माध्यम से दोनों संस्थाएं शिक्षा, शोध,



प्रशिक्षण एवं सांस्कृतिक आदान-प्रदान के क्षेत्रों में मिलकर कार्य करेंगी। इसके अंतर्गत लोक एवं जनजातीय कला, संस्कृति एवं परंपराओं के संरक्षण हेतु संयुक्त कार्यक्रम, कार्यशालाएं, सेमिनार, सांस्कृतिक उत्सव एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। समझौता ज्ञापन के तहत दोनों संस्थान सांस्कृतिक जागरूकता बढ़ाने, शोध गतिविधियों को प्रोत्साहित करने तथा विद्यार्थियों एवं कलाकारों को मंच प्रदान करने के लिए मिलकर प्रयास करेंगे। साथ ही, पारंपरिक कलाकारों एवं शिल्पकारों के कौशल विकास, दस्तावेजीकरण एवं प्रचार-प्रसार पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। यह समझौता ज्ञापन उत्तर प्रदेश सरकार के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह के आवास पर सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ. प्रमोद कुमार शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। साथ ही, उत्तर प्रदेश लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान, लखनऊ के निदेशक अतुल द्विवेदी भी मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान, लखनऊ द्वारा पूर्व में भी विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों एवं विश्वविद्यालयों के साथ समझौता ज्ञापन संपन्न किए जा चुके हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### एसबीआई पेंशन फंड्स ने रिटायरमेंट तैयारी पर दिया जोर, उत्तर प्रदेश में एनपीएस विस्तार तेज

**लखनऊ।** नेशनल पेंशन सिस्टम (एनपीएस) के तहत देश की सबसे बड़ी पेंशन फंड मैनेजर एसबीआई पेंशन फंड्स प्राइवेट लिमिटेड ने रिटायरमेंट योजना की बढ़ती आवश्यकता और एनपीएस इकोसिस्टम में हालिया विकासों पर प्रकाश डाला। उत्तर प्रदेश, जहां कार्यबल तेजी से बढ़ रहा है और असंगठित क्षेत्र के कामगारों की बड़ी संख्या मौजूद है, सामाजिक सुरक्षा और पेंशन कवरेज को बढ़ाने की अपार संभावनाएं रखता है। एक महत्वपूर्ण प्रशासनिक और आर्थिक केंद्र के रूप में लखनऊ वित्तीय जागरूकता बढ़ाने और टियर-2 व टियर-3 शहरों तक पेंशन लाभ पहुंचाने में अहम भूमिका निभा रहा है, जिससे व्यापक स्तर पर रिटायरमेंट सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। एसबीआई पेंशन फंड्स खुदरा और कॉरपोरेट दोनों वर्गों में एनपीएस अपनाने को बढ़ाने पर लगातार ध्यान दे रहा है। इसके लिए कंपनी स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के व्यापक नेटवर्क का इस्तेमाल कर रही है, डिजिटल क्षमताओं को मजबूत कर रही है और वित्तीय साक्षरता व भविष्य की तैयारी को बढ़ावा दे रही है। कंपनी एक अनुशासित और दीर्घकालिक निवेश रणनीति का पालन करती है, जिसमें विविधीकृत इक्विटी निवेश, स्थिर फिक्स्ड इनकम रणनीतियां और नए एसेट क्लासेस का चयनात्मक समावेश कर विकास और पूंजी संरक्षण के बीच संतुलन बनाया जाता है। एसबीआई पेंशन फंड्स के एमडी और सीईओ प्रणय द्विवेदी ने कहा रिटायरमेंट प्लानिंग अब विकल्प नहीं, बल्कि वित्तीय आवश्यकता बन चुकी है। कम लागत, लचीलापन और दीर्घकालिक दृष्टिकोण के कारण एनपीएस लाखों भारतीयों के लिए डिफॉल्ट रिटायरमेंट समाधान बनने की क्षमता रखता है, खासकर तब जब उभरते शहरों में इसकी जागरूकता बढ़ रही है। बढ़ती जीवन प्रत्याशा, स्वास्थ्य खर्चों में वृद्धि और पारिवारिक संरचनाओं में बदलाव के कारण रिटायरमेंट योजना बेहद जरूरी हो गई है। हालांकि, भारत के गैर-सरकारी कार्यबल का एक बड़ा हिस्सा अब भी संगठित पेंशन व्यवस्था से वंचित है। एनपीएस एक कम लागत, पारदर्शी, कर-अनुकूल और लचीला रिटायरमेंट बचत प्लेटफॉर्म के रूप में लगातार मजबूत हो रहा है, जिसे पेंशन निधि नियामक और विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) द्वारा किए गए हालिया सुधारों का समर्थन प्राप्त है। प्रमुख बदलावों में शामिल हैं, मल्टीपल स्कीम फ्रेमवर्क (एमएसएफ) की शुरुआत, जिससे निवेश विकल्प बढ़े दीर्घकालिक निवेशकों के लिए इक्विटी में अधिक निवेश की अनुमति एआईएफ और गोल्डध्सिल्वर ईटीएफ जैसे नए एसेट क्लास में विस्तार निजी क्षेत्र के कर्मचारियों, स्व-रोजगार और गिग वर्कर्स पर बढ़ता फोकस ये बदलाव निवेशक-केंद्रित और अधिक लचीली रिटायरमेंट सुरक्षा प्रणाली की ओर बढ़ते कदम को दर्शाते हैं। लखनऊ में आयोजित यह पहल एसबीआई पेंशन फंड्स की देशभर में रिटायरमेंट तैयारी को मजबूत करने और पेंशन कवरेज का विस्तार करने की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है।

### सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल की प्रदर्शनी 'मास्करेड ऑफ आर्ट' में दर्शकों का स्वागत

**लखनऊ।** सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल, लखनऊ का परिसर इन दिनों कल्पना और रचनात्मकता के रंगों से सजा हुआ है, क्योंकि विद्यालय की वार्षिक कला प्रदर्शनी 'मास्करेड ऑफ आर्ट' अब आम जनता के लिए खुल गई है। 24 मार्च से शुरू हुई इस प्रदर्शनी में शहर भर से अभिभावकों, विद्यार्थियों और कला प्रेमियों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिल रही है। यह प्रदर्शनी केवल एक प्रदर्शन नहीं, बल्कि एक अनोखा कलात्मक अनुभव है। यहाँ हर कलाकृति भावनाओं को छूती है और हर रचना बच्चों की असीम कल्पनाशक्ति को दर्शाती है। प्रदर्शनी में कला की विभिन्न शैलियों का सुंदर संगम देखने को मिलता है। इसमें बारीकी से बनाए गए कथकली मास्क, जनजातीय कला से प्रेरित कृतियाँ, और आधुनिक पाश्चात्य डिजाइन शामिल हैं, जो पहचान और संस्कृति के विषयों को दर्शाते हैं। दर्शक वारली कला की सादगी, प्राकृतिक दृश्यों की शांति, अमूर्त चित्रों की गहराई और भावनात्मक पोर्ट्रेट्स की अभिव्यक्ति का भी आनंद ले सकते हैं।इस प्रदर्शनी का एक मुख्य आकर्षण एक विशाल भित्ति चित्र (म्यूरल) है, जिसमें सिरेमिक और पेंटिंग का अनोखा मेल देखने को मिलता है।

## मैदान में मिला युवक का शव दोस्तों पर हत्या का आरोप

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में मंगलवार देर रात चिनहट थाना क्षेत्र स्थित मैदान में मिले एक अज्ञात युवक के शव की पहचान हो गई है। युवक के पिता ने उसके दोस्तों पर ही हत्या का आरोप लगाया है। परिवार की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर दो लोगों को हिरासत में ले लिया है। चिनहट थाना प्रभारी दिनेश चंद्र मिश्रा ने बताया कि 24 मार्च की बीती देर रात सूचना मिली थी कि हरदासी खेड़ा के मैदान में एक युवक घायल अवस्था में पड़ा है। उसके गले पर चोट के निशान और पास ही एक मोटरसाइकिल खड़ी है। इस सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घायल युवक को एम्बुलेंस से इलाज के लिए अस्पताल भेजा, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि मृतक की पहचान कल्याणी विहार कॉलोनी निवासी दयाशंकर सिंह के बेटे रितेश सिंह (20) के रूप में की गई है। घटना की सूचना मिलते ही, पुलिस उपायुक्त (पूर्वी) शशांक सिंह, अपर पुलिस उपायुक्त (पूर्वी) और सहायक पुलिस आयुक्त (विभूति खंड) ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल की बारीकी से जांच कर साक्ष्य जुटाए। इस दौरान पुलिस उपायुक्त (पूर्वी) ने मृतक के परिजनों से मुलाकात की, उन्हें सांत्वना देते हुए आश्वासन दिया कि इस मामले में त्वरित और निष्पक्ष कार्रवाई की जाएगी। मृतक के पिता दयाशंकर सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका बेटा मंगलवार शाम को घर से निकला था। उसने परिवार को बताया था कि वह अपने दोस्तों के साथ बाहर जा रहा है और कुछ ही घंटों में लौट आएगा। हालांकि, जब देर शाम तक वह वापस नहीं लौटा तो परिवार चिंतित हो गया और उसकी तलाश शुरू कर दी। पुलिस से बेटे रितेश की मौत की खबर मिलने के बाद से ही परिवार गहरे सदमे में है। पिता ने उन्हीं दोस्तों पर हत्या का आरोप लगाया है, जिनके कहने पर उनका बेटा घर से बाहर गया था।

### इंटर की छात्रा से रेप, धर्म परिवर्तन का दबाव बनाया

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के आशियाना इलाके में इंटर की एक छात्रा से ब्लैकमेल कर दुष्कर्म का मामला सामने आया है। रश्मिखंड निवासी और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे अर्श रजा पर आरोप है कि उसने स्कूल के दौरान दोस्ती कर छात्रा को अपने जाल में फंसाया और उसकी अश्लील फोटो-वीडियो के जरिए लंबे समय तक यौन शोषण करता रहा। पुलिस के अनुसार, वर्ष 2023 में दोनों एक ही स्कूल में पढ़ते थे। इसी दौरान आरोपी ने छात्रा से नजदीकी बढ़ाई और फिर उसकी आपत्तिजनक तस्वीरें और वीडियो हासिल कर लिए। इसके बाद वह उन्हें वायरल करने की धमकी देकर कई बार होटल ले गया और दुष्कर्म किया। आरोप है कि इस दौरान उसने छात्रा को गर्भनिरोधक दवाएं भी खिलाईं। विरोध करने पर मारपीट की। साथ ही धर्म परिवर्तन के लिए भी दबाव बनाया। छात्रा की तबीयत बिगड़ने पर मामला खुला। परिजनों के मुताबिक, लगातार दवाएं खिलाए जाने से उसे यूरिन इंफ़ेक्शन हो गया था। डॉक्टर को दिखाने पर पूरी घटना की जानकारी सामने आई। पीड़िता की मां ने सोमवार को अर्श रजा के खिलाफ दुष्कर्म, पॉक्सो, धर्म परिवर्तन का दबाव डालने और उसके माता-पिता, बहनों के खिलाफ धमकाने की एफआईआर दर्ज कराई।

## स्वदेशी गो-संवर्धन योजना में तेज प्रगति पर फोकस, सभी जिलों में बढ़ी रफ्तार

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

● योगी सरकार की सख्त मॉनिटरिंग से क्रियान्वयन में आई तेजी, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मिल रहा नया बल



लखनऊ। योगी सरकार की मुख्यमंत्री स्वदेशी गौ-संवर्धन योजना अब प्रदेश में तेज प्रगति की दिशा में आगे बढ़ रही है, जहां इसका प्रभाव जमीनी स्तर पर स्पष्ट रूप से देखने को मिल रहा है। सरकार ने योजना के प्रभावी क्रियान्वयन और अधिक से अधिक लाभार्थियों तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए निरंतर मॉनिटरिंग की जा रही है। इससे जिलों में कार्य की रफ्तार बढ़ी है और योजनाएं तेजी से धरातल पर उतर रही हैं। प्रदेश सरकार के प्रवक्ता का कहना है कि उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों में योजना के तहत लाभार्थियों को जोड़ने की प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाया गया है। इसके चलते पशुपालकों और किसानों की भागीदारी में वृद्धि हुई है और गौ-आधारित गतिविधियों को बढ़ावा मिल रहा है। योजना का उद्देश्य केवल पशुपालन तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार के नए अवसर पैदा करना और स्थानीय अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाना भी है। योगी सरकार ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि योजना के प्रत्येक चरण (चयन, स्वीकृति, अनुदान और क्रियान्वयन) को समयबद्ध और प्रभावी ढंग से पूरा किया जाए। इसी क्रम में जिलों की नियमित समीक्षा की जा रही है। जमीन स्तर पर आ रही चुनौतियों का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है। प्रशासनिक स्तर पर समन्वय को मजबूत करते हुए यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि योजना का लाभ किसी भी पात्र लाभार्थी से वंचित न रह जाए। पशुपालन विभाग के अपर मुख्य सचिव मुकेश मेश्राम ने बताया कि इस योजना के माध्यम से गौ-आधारित अर्थव्यवस्था को नई दिशा मिल रही है, जिससे दुग्ध उत्पादन, जैविक खेती और संबंधित गतिविधियों को भी बढ़ावा मिल रहा है। इससे न केवल किसानों और पशुपालकों की आय में वृद्धि हो रही है, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियों का विस्तार भी हो रहा है। सरकार का मानना है कि इस प्रकार की योजनाएं प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। योगी सरकार लगातार इस दिशा में प्रयासरत है कि योजनाओं का लाभ सीधे आमजन तक पहुंचे और उनका जीवन स्तर बेहतर हो। तेज प्रगति, प्रभावी क्रियान्वयन और सुदृढ़ मॉनिटरिंग के माध्यम से मुख्यमंत्री स्वदेशी गौ-संवर्धन योजना को प्रदेश के ग्रामीण विकास और आर्थिक सशक्तीकरण का मजबूत आधार बनाया जा रहा है। यह पहल न केवल पशुपालन क्षेत्र को नई गति दे रही है, बल्कि उत्तर प्रदेश को समग्र विकास की दिशा में आगे बढ़ाने में भी अहम भूमिका निभा रही है।

## एलपीजी की किल्लत के बीच यूपी में डीजल-पेट्रोल को लेकर फैली अफवाह, पेट्रोल पंपों पर लगी लंबी कतारे

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

**लखनऊ।** ईरान इजराइल अमेरिका के बीच 28 फरवरी से शुरू हुए युद्ध का असर पूरी दुनिया पर पड़ा है। भारत भी इससे अछूता नहीं रहा है और देश में एलपीजी गैस का संकट जारी है, जिससे निपटने के लिए सरकार लगातार नए नियम ला रही है। इसी बीच उत्तर प्रदेश में डीजल-पेट्रोल की कमी को लेकर अफवाह फैलाने की घटना से लोगा की भीड़ पेट्रोल पंपों जमा हो गई। जिससे लोगा अपपी बाइक को लेकर टंकी फुल कराने की कोशिस कर रहे हैं। वहीं अधिकारियों का कहना है कि प्रदेश में पेट्रोल- डीजल की कोई भी कमी नहीं है। घबराने की बजाय संयम बरतने की अपील की है। अम्बेडकरनगर में डीजल और पेट्रोल की किल्लत की अफवाहों के बीच जिला प्रशासन ने स्थिति स्पष्ट करते हुए लोगों से घबराने की बजाय संयम बरतने की अपील की है। जिलाधिकारी ने प्रेसवार्ता कर बताया कि जिले में ईंधन की कोई कमी नहीं है और पर्याप्त मात्रा में स्टॉक उपलब्ध है। प्रेसवार्ता के दौरान डीएम ने कहा कि जिले में डीजल की उपलब्धता सामान्य खपत से करीब ढाई गुना अधिक है, जबकि पेट्रोल का स्टॉक भी लगभग दो गुना मौजूद है। ऐसे में किसी भी प्रकार की कमी की बात पूरी तरह निराधार है। डीएम ने साफ तौर पर चेतावनी दी कि जो भी लोग डीजल-पेट्रोल की ब्लैक मार्केटिंग में शामिल पाए जाएंगे, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। ऐसे मामलों में मुकदमा दर्ज कर सख्त कानूनी कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने आम जनता से अपील करते हुए कहा कि अफवाहों पर ध्यान न दें और अनावश्यक रूप से ईंधन का भंडारण न करें। इससे बाजार में कृत्रिम संकट पैदा होता है और आम लोगों को परेशानी होती है। प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया कि जिले में ईंधन की आपूर्ति पूरी तरह सुचारु है और लगातार निगरानी की जा रही है, ताकि किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो। अयोध्या के पेट्रोल पंप पर लगी लाइनअयोध्या में पेट्रोल पंपों पर अफवाहों के बीच लोग टंकी फुल कराने में जुट गए। वहीं, ग्रामीण क्षेत्र से भी पेट्रोल डीजल स्टोर करने की खबरें हैं। इसके अलावा जिला प्रशासन लगातार कर रहा अपील पेट्रोल-डीजल पदार्थों की कोई कमी नहीं है। इसके बावजूद अफवाह में आकर लोग पेट्रोल-डीजल भरवा रहे हैं। बस्ती-अयोध्या हाईवे सीमा से जुड़े इलाकों में पेट्रोल-डीजल की किल्लत की अफवाह ने हालात बिगाड़ दिए हैं। मंगलवार की रात अयोध्या और गोंडा जिले से उमड़े लोगों ने छावनी क्षेत्र के पंपों पर कतार लगाकर पेट्रोल भरवाया। कुछ लोग तो गैलनों में भी तेल लेकर गए। हालात ऐसे हो गए कि पुलिस बुलानी पड़ी और प्राइवेट सुरक्षा कर्मी लगाकर पेट्रोल दिया गया। छावनी क्षेत्र के पचवस स्थित कुमार फिलिंग स्टेशन के मैनेजर शिवम गोस्वामी के मुताबिक मंगलवार को 12 हजार लीटर तेल की आपूर्ति हुई थी, लेकिन अफवाह के चलते अचानक मांग कई गुना बढ़ गई। आम दिनों में जहां पांच से छह हजार लीटर प्रतिदिन बिक्री होती थी, वहीं बीते तीन दिनों से खपत दोगुनी हो गई है। अयोध्या जिले में तेल की कमी की चर्चा फैलते ही लोगों में घबराहट बढ़ गई। रात से ही लोग गैलन में पेट्रोल-डीजल भरवाने के लिए पंपों पर पहुंचने लगे। बाइक और चार पहिया वाहनों की लंबी कतारें लग गईं, जहां अधिकांश लोग टंकी फुल कराने में जुटे दिखे। इसी तरह विक्रमजोत, शंकरपुर, जमौलिया और छावनी क्षेत्र के पेट्रोल पंपों पर भी भीड़ का यही आलम है। दुबौलिया के खुशहालगंज स्थित राम-जानकी फिलिंग स्टेशन पर रात भर अफरा-तफरी का माहौल रहा। लोग अतिरिक्त तेल का स्टॉक करने में जुटे रहे, जिससे पंपों पर अव्यवस्था की स्थिति बन गई। यूपी में पेट्रोल-डीजल को लेकर अफवाहों के बीच पैनिक बाइंग जैसे हालात बन गए हैं। बलरामपुर में कई पेट्रोल पंप बंद हो गए हैं, जिससे लोगों को दिक्कत हो रही है, वहीं अयोध्या में ईंधन भरवाने के लिए लंबी कतारें लग रही हैं। हालांकि प्रशासन ने साफ किया है कि किसी तरह की कमी नहीं है, लेकिन अफवाहों के कारण लोग ज्यादा मात्रा में तेल भरवा रहे हैं, जिससे हालात बिगड़ते नजर आ रहे हैं।

### इकलौते बेटे का शव घर में लटका मिला

लखनऊ। पारा थाना क्षेत्र स्थित आवास विकास कॉलोनी बीबीखेड़ा में इकलौते बेटे का शव घर में लटका मिला। वह साड़ी के फंदे के सहारे कमरे में छत के हुक से लटका था। पुलिस ने इसे प्रथमदृष्टया आत्महत्या का मामला बताया है। सूचना मिलने पर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। कंट्रोल रूम से मिली सूचना के बाद हंसखेड़ा चौकी प्रभारी मुन्ना लाल पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। मृतक की पहचान शिवम गोंड (32) पुत्र दिवंगत दिनेश गोंड के रूप में हुई। वह बीबीखेड़ा (मीमांसा स्कूल के पास) आवास विकास कॉलोनी में 10 दिन पहले ही शिफ्ट हुआ था। परिजनों को घटना की जानकारी होने पर उन्होंने तत्काल पुलिस को सूचित किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा खुलवाकर शव को फंदे से नीचे उतारा। आत्महत्या के पीछे के कारणों का अभी तक स्पष्ट रूप से पता नहीं चल पाया है। पुलिस परिजनों और आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है। पुलिस मामले के अन्य पहलुओं की भी जांच कर रही है ताकि घटना की असली वजहों का पता लगाया जा सके। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## बाल वाटिका नवारंभ उत्सव : बच्चों के समग्र विकास को प्रारंभिक स्तर से ही सशक्त करना उद्देश्य: मोनिका रानी

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

**लखनऊ।** जब नन्हें हाथ रेत पर अक्षरों की पहली रेखा खींचते हैं, तो वह केवल लेखन नहीं, बल्कि एक सशक्त भविष्य की शुरुआत होती है। 'बाल वाटिका नवारंभ उत्सव' के दौरान अपर मुख्य सचिव, बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा पार्थ सारथी सेन शर्मा ने जब नन्हें बालकों से रेत पर अक्षर और अंक लिखने को कहा, तब नन्हें हाथों ने बिना कोई देर किए उत्साह के साथ सीखने की इस प्रक्रिया को अपनाया। किसी ने अक्षरों को लिखकर तो किसी ने अंकों को लिखकर अपनी सीखने की पहली अभिव्यक्ति को जीवंत रूप से उकेरा। उत्तर प्रदेश में 'बाल वाटिका नवारंभ उत्सव' के माध्यम से प्रारंभिक शिक्षा को सशक्त बनाने की दिशा में एक अभिनव पहल का प्रभावी क्रियान्वयन देखने को मिला। बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह के नेतृत्व व मार्गदर्शन में प्रदेश के समस्त बालवाटिका (को-लोकेटेड आंगनवाड़ी केंद्र) युक्त विद्यालयों में यह उत्सव उत्साह और उमंग के साथ आयोजित किया गया। लखनऊ में सरोजनीनगर ब्लॉक के रामचौरा स्थित प्राथमिक विद्यालय से इसकी औपचारिक शुरुआत की गई। इस दौरान रेत लेखन, खेल आधारित गतिविधियों और रोचक शिक्षण पद्धतियों के माध्यम से बच्चों को प्रारंभिक शिक्षा से जोड़ा गया। विशेष रूप से 3 से 4 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों ने रेत पर अक्षर लेखन के माध्यम से खेल-खेल में सीखने का अनुभव प्राप्त किया, जिससे उनमें स्वाभाविक जिज्ञासा और सीखने के प्रति रुचि विकसित हुई। इस दौरान अपर मुख्य सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने कहा कि हर माता-पिता यह कोशिश करते हैं कि उनका बच्चा उनसे आगे निकले। इसलिए हमें उनकी भावनाओं के अनुरूप कोशिश करनी होगी। उन्होंने कहा कि जब आंगनबाड़ी, आशा कार्यकर्त्री, शिक्षक और बच्चे की माँ सम्मिलित रूप से प्रयास करेंगे तब हमें सफलता अवश्य मिलेगी। हमें मिलकर



कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि 3 से 6 वर्ष की आयु बच्चों के जीवन का सबसे महत्वपूर्ण सीखने का चरण है। 'नवारंभ उत्सव' का उद्देश्य प्रत्येक बालक-बालिका को प्रारंभिक अवस्था से ही विद्यालय से जोड़ना है, ताकि वे नियमित रूप से शिक्षा ग्रहण करें और आगे की कक्षाओं में सहज रूप से प्रवेश कर सकें। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता 3 वर्ष से 18 वर्ष तक प्रत्येक बच्चे को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना है। उन्होंने बताया कि बच्चों को आकर्षित करने के लिए विद्यालयों में रोचक गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है, जिससे बच्चे स्वयं विद्यालय आने के लिए प्रेरित हों और सीखने की प्रक्रिया को आनंदपूर्वक अपनाएं। महानिदेशक स्कूल शिक्षा मोनिका रानी ने कहा कि खेल आधारित शिक्षण, स्व-अधिगम एवं सक्रिय अधिगम की पद्धतियों के माध्यम से बच्चों के समग्र विकास, जिज्ञासा और रचनात्मकता को प्रारंभिक स्तर से ही सशक्त किया जा रहा है। 'सेल्फ लर्निंग' और 'एक्टिव लर्निंग' के माध्यम से बच्चों में आत्मविश्वास और निर्णय क्षमता का विकास हो रहा है। कार्यक्रम के दौरान 58 बच्चों को गिफ्ट हैंपर वितरित किए गए। अपर मुख्य सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने सुफियान, दीपाली, नंदिनी, आर्य विश्वकर्मा एवं इशानी सहित अन्य बच्चों को अपने हाथों से गिफ्ट प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। इन गिफ्ट हैंपर्स में स्लेट, चॉक, क्रेयॉन्स, वैक्स कलर, चॉकलेट्स, फ्रूटी, फल एवं स्नैक्स शामिल थे, जिससे बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। कार्यक्रम के दौरान नवीन शैक्षिक सत्र 2026-27 के लिए पाठ्यपुस्तक वितरण की औपचारिक शुरुआत भी की गई। इसका शुभारंभ अपर मुख्य सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा एवं महानिदेशक, स्कूल शिक्षा मोनिका रानी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर नक्श, शिवांशी, अवंतिका, शिफा एवं आर्य शुक्ला सहित कुल 25 बच्चों को पाठ्यपुस्तकें वितरित की गईं, जिससे उनके शैक्षिक सत्र की सकारात्मक शुरुआत सुनिश्चित हुई। नवारंभ उत्सव के अंतर्गत 3 से 6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के नामांकन को बढ़ावा देने के साथ-साथ 6 वर्ष पूर्ण कर चुके बच्चों के कक्षा 1 में प्रवेश को सरल और प्रेरक बनाने पर विशेष बल दिया गया। विद्यालयों में प्रिंट-समृद्ध वातावरण, लर्निंग कॉर्नर और विविध शिक्षण सामग्री के माध्यम से बच्चों के समग्र विकास को सुनिश्चित किया जा रहा है। इस अवसर पर अभिभावकों, जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय समुदाय की सक्रिय सहभागिता भी देखने को मिली, जिससे बाल शिक्षा के प्रति सकारात्मक माहौल सुदृढ़ हुआ। यह उत्सव न केवल बच्चों के शैक्षिक जीवन की सशक्त शुरुआत का प्रतीक बना, बल्कि विद्यालय और समुदाय के बीच समन्वय को भी नई दिशा प्रदान कर रहा है।

## एनएसएस शिविर में युवाओं ने लिया समाज सेवा का संकल्प

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

**लखनऊ।** लखनऊ इस्माइलगंज स्थित श्री नर्मदेश्वर शिव मंदिर परिसर में अटल बिहारी वाजपेयी नगर निगम डिग्री कॉलेज की तीनों एनएसएस इकाइयों के सात दिवसीय विशेष शिविर की शुरुआत हुई। उद्घाटन सत्र में युवाओं को समाज सेवा और कड़े परिश्रम का संकल्प दिलाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नेहरू युवा केंद्र के जिला युवा अधिकारी विकास सिंह ने छात्रों में जोश भरते हुए कहा कि सतत साधना और परिश्रम ही सफलता की कुंजी है। मेहनत से न केवल लक्ष्य हासिल होते हैं, बल्कि व्यक्ति का आत्मबल भी मजबूत होता है। उन्होंने स्वयंसेवकों को समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझने के लिए प्रेरित किया। कॉलेज के प्रिंसिपल सुभाष चंद्र पाण्डेय ने कहा कि युवाओं के कंधे पर ही देश का भविष्य है। एनएसएस का असली मकसद असहायों को सहारा देना और अशिक्षितों को शिक्षा से जोड़ना है। उन्होंने युवाओं से सरकारी योजनाओं को गांव-गांव और घर-घर तक पहुँचाने की अपील की। उद्घाटन के बाद छात्र-छात्राओं ने पूरे मंदिर परिसर में सफाई अभियान चलाकर श्रमदान किया। इसके बाद आसपास के इलाकों में जागरूकता रैली निकाली गई। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि दुर्गेश त्रिपाठी ने पर्यावरण संरक्षण और भारत माता की सेवा को सर्वोपरि बताया। शिविर के दूसरे सत्र में कार्यक्रम अधिकारियों ने छात्रों को प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत चल रहे फ्री कोर्सेज की जानकारी दी। इस दौरान कार्यक्रम अधिकारी उपेन्द्र कुमार, डॉ. सादिया और डॉ. आशा पाल सहित कॉलेज का स्टाफ और बड़ी संख्या में छात्र मौजूद रहे।

# प्रभारी मंत्री ने नवनियुक्त भाजपा पदाधिकारियों को दिया मंत्र

राष्ट्रीय प्रस्तावना

**हरदोई।** भारतीय जनता पार्टी की नई कार्यकारिणी के गठन के बाद नामित पदाधिकारियों और सदस्यों का सम्मान समारोह कार्यक्रम भाजपा कार्यालय पर आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में जिले में पहुंचे उत्तर प्रदेश सरकार के समाज कल्याण मंत्री एवं प्रभारी मंत्री असीम अरुण ने नव नियुक्त कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को सम्मानित किया। भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन की अध्यक्षता में कार्यक्रम सफ्लतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने भाजपा कार्यालय पर नई कार्यकारिणी को सम्मानित कर कहा कि भारतीय जनता पार्टी सबका साथए सबका विकास, सबका विश्वास के मूल मंत्र पर कार्य करती है। इसी सोच के अनुरूप जिला संगठन में हर वर्ग को उचित सम्मान और प्रतिनिधित्व दिया जाता है।



जिले की नई टीम के साथ मुख्य अतिथि व जिले के प्रभारी मंत्री असीम अरुण जिला प्रभारी शंकर लाल लोधी जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन व अन्य फोटो: राष्ट्रीय प्रस्तावना

उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य समाज के हर वर्ग की भागीदारी सुनिश्चित करना और संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाना है। भाजपा कार्यकर्ता संगठन की नींव हैं। उनके समर्पण के बल पर ही संगठन लगातार विस्तार कर रहा है। आपकी निष्ठा व निस्वार्थ सेवा ने ही भाजपा को आज दुनिया की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक पार्टी के रूप में स्थापित किया है। उन्होंने सभी से इसी समर्पण के साथ संगठन को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का आह्वान किया। भाजपा जिला प्रभारी शंकर लाल लोधी ने पदाधिकारियों को संगठन सर्वोपरि का संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की नींव राष्ट्र सेवाए सहयोग समर्पण और एक मजबूत सांगठनिक ढांचे पर टिकी है। यह केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि एक कार्यकर्ता-आधारित परिवार है जो राष्ट्र प्रथम के संकल्प के साथ काम करता है। जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन ने प्रभारी मंत्री का स्वागत करते हुए कहा कि हम सब संगठन के सिपाही है और सेवा और समर्पण हमारे विचार और आचरण में व्याप्त है। भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता सेवा, त्याग, समर्पण और संकल्प का सजीव प्रतीक है वो सुशासन की मशाल बनकर संगठन की संवेदनशीलता और सेवा भाव को घर घर तक पहुंचाने का काम निस्वार्थ भाव से कर रहा है। कार्यक्रम के इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष प्रीतेश दीक्षित, संदीप सिंह, शिवराज पटेल, आकाश सिंह, अजय शुक्ला, अलका गुप्ता, महेन्द्र सोनी, सौरभ सिंह गौर, जिला



मुख्य अतिथि का स्वागत करते भाजपा जिला प्रभारी व जिलाध्यक्ष

महामंत्री अनुराग मिश्रा, इंजी0 ओम वर्मा, सतेन्द्र राजपूत, जिला मंत्री नीतू चन्द्रा, सत्यम शुक्ला, अमरेन्द्र अर्कवंशी, अदिति कुशवाहा, दीपा विश्वास, रीतेश कुमार रिंकू,विवेक त्रिपाठी गोपाल, निर्देश राजपूत, जिला कोषाध्यक्ष डॉ0 अनुज गुप्ता, जिला सह कोषाध्यक्ष गांगेश पाठक, कपिल मोहन गुप्ता, जिला कार्यालय मंत्री राजवीर सिंह आजाद भदौरिया, जिला सह कार्यालय मंत्री मुकुल सिंह आशा, आशुतोष बाजपेयी, जिला मीडिया प्रभारी अतुल सिंह, जिला सह मीडिया प्रभारी परेश लोहिया, आयुष सिंह, जिला संयोजक आईटी प्रद्युमन आनंद मिश्रा, जिला संयोजक सोशल मीडिया अनुराग श्रीवास्तव, निवर्तमान जिला उपाध्यक्ष संजय सिंह, निवर्तमान जिला मंत्री अविनाश पाण्डेय सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे!

# शत-प्रतिशत बच्चों का स्कूल में कराया जाए नामांकन : रजनी तिवारी

राष्ट्रीय प्रस्तावना

**शाहाबाद (हरदोई)।** ब्लॉक संसाधन केंद्र पर समग्र शिक्षा अभियान के तहत ग्राम प्रधानएग्राम सचिव, नोडल शिक्षकों के एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन बुधवार को सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश सरकार की उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी उपस्थित रहीं।



बीआरसी पर कार्यक्रम में मौजूद उच्च शिक्षा मंत्री रजनी तिवारी फोटो: राष्ट्रीय प्रस्तावना

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए राज्य मंत्री ने कहा प्राथमिक विद्यालयों के नोडल शिक्षक, ग्राम प्रधान और जन समुदाय के सहयोग से बच्चों का शत प्रतिशत नामांकन करवाएं और बच्चों की विद्यालय में उपस्थिति भी सुनिश्चित करवाएं। उन्होंने कहा प्रदेश की भाजपा सरकार इन नौनिहालों की शिक्षा के प्रति पूरी तरह सजग और क्रियाशील है। सभी विद्यालयों में बच्चों को नि:शुल्क भोजन, यूनिफार्म दी जा रही हैं ताकि बच्चे पढ़ सकें। आज के बच्चे ही देश का भविष्य हैं। आज हमारा देश पूरे विश्व में अग्रणी होने की दिशा में है। सभी ग्रामवासी अपने बच्चों का विद्यालय में नामांकन जरूर करवाएं। क्यों कि शिक्षा ही एक मात्र विकास का मार्ग है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख त्रिपुरेश मिश्रा ने कहा ब्लॉक के सभी विद्यालयों का कायाकल्प 19 पैरा मीटर के तहत पूर्ण किया जाए। सरकार ने प्रदेश के परिषदिय स्कूलों को आधुनिक और बाल मैत्रीपूर्ण बनाया है। जिसके तहत स्कूलों में स्वच्छ पेयजल, क्रियाशील शौचालय, स्कूल कि रंगाई-पुताई, अच्छा फर्नीचर, खेल का मैदान और साफ-सफाई जैसी सुविधाएं शामिल हैं। खंड शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार ने बताया जनपद में शिक्षा के स्तर को बेहतर बनाने का लगातार प्रयास किया जा रहा है। निपुण आकलन में हरदोई कों प्रथम स्थान मिला है। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य लालाराम राजपूत, प्रधानगण, क्षेत्र पंचायत सदस्य, क्षेत्रवासी, खंड शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार और शिक्षा विभाग के कर्मचारी और अध्यापक उपस्थित रहे।

# प्राथमिक विद्यालय तड़ौरा में धूमधाम से मनाया गया नवारम्भ उत्सव

राष्ट्रीय प्रस्तावना

**हरदोई।** बुधवार को विकास खण्ड सांडी के प्राथमिक विद्यालय तड़ौरा में आंगनवाड़ी के नन्हे.मुन्ने बच्चों प्रवेश नवारंभ उत्सव के रूप में बड़े ही उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर को रंग-बिरंगी सजावट से सुसज्जित किया गया, जिससे पूरे माहौल में उत्सव का रंग दिखाई दिया।







कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती के पूजन व वंदना के साथ हुआ। आंगनवाड़ी के बच्चों का तिलक लगाकर एवं पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। जिसमें 3 से 6 वर्ष तक के बच्चों के चिन्हांकन कर अभिभावकों की उपस्थिति में औपचारिक शिक्षा का आरंभ एवं नवीन प्रवेश हेतु प्रोत्साहन के लिए उत्सव आयोजित किया गया इस अवसर पर 3.4 आयु वर्ग के बच्चों से बालू पर लेखन आकृति बनवाई गई 1 अप्रैल से 31 जुलाई के मध्य 6 वर्ष के बच्चों का कक्षा एक में दाखिला कराने का प्रधानाध्यापक द्वारा आग्रह किया गया। शिक्षकों ने बच्चों को स्कूल से जुड़ने के लिए प्रेरित किया और उन्हें शिक्षा के महत्व के बारे में सरल भाषा में बताया। नन्हे बच्चों ने कविताए गीत और छोटे-छोटे सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। बच्चों से रेत पर छाप व लेखन से आंगनबाड़ी में प्रवेश की शुरूआत कराई। इस दौरान ग्राम प्रधान संतोष कुमार ने अभिभावकों को भी बच्चों की नियमित उपस्थिति और शिक्षा के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया गया। विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष कृष्ण कुमार ने कहा कि अभिभावक बच्चों के प्रति अपने कर्तव्य समझे, उन्हें स्वच्छ रूप से नियमित विद्यालय भेजे। विद्यालय के प्रधानाध्यापक अजीत शुक्ल ने अपने संबोधन में कहा कि नवारंभ उत्सव का उद्देश्य बच्चों को विद्यालय से जोड़ना और उनके भीतर शिक्षा के प्रति रुचि विकसित करना है। कार्यक्रम के अंत में बच्चों को मिठाई एवं शैक्षिक सामग्री वितरित की गई। इस अवसर पर शिक्षक विजय वर्मा, विनोद कुमार, अर्जुन सिंह, आंगनवाड़ी कार्यकत्री एवं अभिभावक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे, जिससे कार्यक्रम सफ्लतापूर्वक संपन्न हुआ।

# अधिवक्ता वेलफेयर एसोसिएशन चुनाव कार्यकारिणी हुई घोषित

**हरदोई ( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** बिलग्राम में बुधवार को अधिवक्ता वेलफेयर एसोसिएशन के वर्ष 2026 की कार्यकारिणी गठन हेतु चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई। चुनाव के बाद पदाधिकारियों के नाम घोषित किए गए, जिनमें सभी ने निर्विरोध जीत दर्ज की। अध्यक्ष पद पर सियाराम यादव निर्वाचित हुए हैं। उपाध्यक्ष के रूप में राम प्रसाद आर्य नियुक्त हुए हैंए जबकि मंत्री पद की जिम्मेदारी शिवकुमार पाल एडवोकेट को सौंपी गई है। संयुक्त मंत्री के रूप में रामनिवास यादव एडवोकेट कार्य करेंगे। कोषाध्यक्ष पद पर सर्वेश कुमार यादव एडवोकेट को चुना गया है। इसके अतिरिक्त ब्रह्मा एडवोकेट पुस्तकालय अध्यक्ष नियुक्त हुए एकार्यकारिणी सदस्य के रूप में गंगाराम एडवोकेटए संजीव कुमार यादव एडवोकेट तथा अमर सिंह यादव एडवोकेट सहित अन्य सदस्यों को शामिल किया गया है। चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद अधिवक्ताओं में खुशी का माहौल देखा गया।



## गंगा एक्सप्रेस-वे के बाद अब 250 हेक्टेयर ज़मीन जाने का डर, आजीविका संकट गहराया

**हरदोई ( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** तहसील बिलग्राम क्षेत्र के ग्राम पंचायत घोंधी के राजस्व ग्राम आलापुर में प्रस्तावित औद्योगिक हब को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश और चिंता का माहौल है। ग्राम प्रधान अर्चना कश्यप ने प्रभारी मंत्री को पत्र भेजकर कृषि भूमि के अधिग्रहण को रोकने की मांग की है। पत्र में बताया गया है कि गांव की लगभग 50 हेक्टेयर उपजाऊ कृषि भूमि पहले ही गंगा एक्सप्रेस.वे निर्माण में अधिग्रहित की जा चुकी है, जिससे किसानों के पास सीमित जमीन बची है। अब प्रशासन द्वारा लगभग 250 हेक्टेयर भूमि को औद्योगिक हब के लिए चिन्हित किए जाने की सूचना से ग्रामीणों के सामने बड़ा संकट खड़ा हो गया है। ग्राम प्रधान के अनुसार यदि यह भूमि भी अधिग्रहित हो जाती है तो अधिकांश किसानों के पास खेती के लिए कोई जमीन नहीं बचेगी। गांव के कई परिवार पूरी तरह कृषि पर निर्भर हैं, ऐसे में उनकी आजीविका समाप्त होने और बेरोजगारी व भुखमरी की स्थिति उत्पन्न होने की आशंका है।ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि पहले यह परियोजना अन्य गांवों में प्रस्तावित थीए लेकिन वहां विरोध होने के बाद इसे आलापुर में स्थानांतरित कर दिया गयाए जो स्थानीय लोगों के साथ अन्याय है। ग्रामीणों ने मांग की है कि औद्योगिक हब के लिए किसी अन्य उपयुक्त स्थान का चयन किया जाए, जहां किसानों की आजीविका प्रभावित न हो। साथ ही उन्होंने सरकार से मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए गांव की सामाजिक और आर्थिक संरचना को बचाने की अपील की है। गांव के किसानों, मजदूरों, महिलाओं और बुजुर्गों ने प्रशासन से न्याय की उम्मीद जताते हुए चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो वे आंदोलन के लिए मजबूर होंगे।



## सल्लिया पिहानी मार्ग पर सड़क दुर्घटना में महिला की मौत

**हरदोई ( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** पिहानी विकास खंड में एक सड़क दुर्घटना में 48 वर्षीय महिला सताना की मृत्यु हो गई। यह घटना सल्लिया पिहानी मार्ग पर महेलिया के पास हुई। सताना अपने पति सर्वेश और पौत्र आर्यन के साथ महेलिया से दवा लेकर साइकिल से झाबरपुरवा स्थित अपने घर लौट रही थीं। इसी दौरान नशे में धुत एक मोटरसाइकिल सवार ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे सताना को गंभीर चोटें आईं। दुर्घटना के बाद, राभा ग्राम पंचायत के प्रधान शिवशक्ति (बबलू लुंगी) ने मानवता दिखाते हुए घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिहानी पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने सताना की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल हरदोई रेफर कर दिया। हालांकिए हरदोई ले जाते समय रास्ते में ही उनकी मृत्यु हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसारए यह घटना राभा ग्राम पंचायत के मजरा झावर पुरवा में राभा बगिया के पास हुई। मोटरसाइकिल (UP 30C A3526) को भानू प्रताप उर्फ शैंपू पुत्र कमलेश दीक्षित, निवासी रेंगाई चला रहा था, जो कथित तौर पर नशे की हालत में था। टक्कर के बाद सताना अपने पौत्र सहित सड़क पर गिर गईं। भानू प्रताप को भी दुर्घटना में चोटें आई हैं। मृतक सताना के पति सर्वेश के चार बच्चे हैं- मोहित (21), सुमित (16), निशा (24) और रौनक (15)। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच कर रही है।

## वरिष्ठ पत्रकार को श्रद्धांजलि दी गई

**शाहाबाद (हरदोई)( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** के वरिष्ठ पत्रकार स्वर्गीय राधेश्याम त्रिपाठी को उनकी तीसरी पुण्यतिथि पर पालिका परिसर में अखबार के कार्यालय पर एक कार्यक्रम का आयोजन कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम का आयोजन उनके पुत्र प्रभाकर त्रिपाठी द्वारा किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में पत्रकारों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किए और उनके कार्यकाल की सराहना की। पत्रकारों ने स्वर्गीय राधेश्याम त्रिपाठी को पत्रकारिता का जनक बताया और उनके बताए हुए रास्तों पर चलने का संकल्प लिया। इस मौके पर शाहाबाद नगर तथा ग्रामीण क्षेत्र के तमाम पत्रकार साथी मौजूद रहे।

## शोक सभा में दिवंगत पत्रकार को दी गई श्रद्धांजलि

**हरपालपुर ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** हरदोई जनपद के साण्डी कस्बा निवासी वरिष्ठ पत्रकार अनिल मिश्रा के निधन पर स्थानीय पत्रकारों ने शोक सभा कर श्रद्धांजलि दी है। बुधवार को हरपालपुर कस्बे में दिवंगत पत्रकार अनिल मिश्रा के निधन पर शोक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें वरिष्ठ पत्रकार अश्वनी यादव ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा स्वर्गीय मिश्रा असली जन सेवक तथा संघर्षशील पत्रकार तथा प्रतिष्ठित अधिवक्ता थे। उन्होंने जीवन पर्यन्त आम जनमानस की समस्याओं को लेकर आवाज उठाई। जिनकी दमदार लेखनी जगजाहिर थी। शैलेन्द्र शर्मा ने कहा उन्होंने ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के सदर तहसील अध्यक्ष समेत संगठन में विभिन्न पदों पर रहकर पत्रकारों के हितों के लिए भी संघर्ष किया। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के ब्लॉक अध्यक्ष आलोक सिंह, अनुराग मिश्रा, गौरव मिश्रा ने श्रद्धांजलि अर्पित की है। इस मौके पर ज्ञानेंद्र सिंह, शानू शर्मा, आनंद प्रकाश मिश्रा, आदेश राजपूत, अनुराग राजपूत, बृजेश कुशवाहा, आदि मौजूद रहे।

# उच्च शिक्षा मंत्री ने सरकार की उपलब्धियां गिनाई



दैवीय आपदा का चेक देती उच्च शिक्षा मंत्री फोटो: राष्ट्रीय प्रस्तावना

**शाहाबाद ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** सरकार के नौ वर्ष पूर्ण होने के मौके पर तहसील सभागार में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बतौर और मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी ने हम भाग लिया। इस मौके पर उच्च शिक्षा मंत्री रजनी तिवारी ने प्रधानमंत्री आवास योजना और देवीय आपदा से पीड़ित लोगों को चेक वितरित की। इस अवसर पर उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी ने सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ की सरकार ने अपने नौ वर्ष का शानदार कार्यकाल पूरा किया है। अपराधियों का पूरे प्रदेश से सफाई हो गया, या फिर अपराधी जेल में है। उन्होंने बताया पूरे प्रदेश में भय मुक्त वातावरण है। उन्होंने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी बताया। ईरान अमेरिका युद्ध का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा सरकार संकट के बावजूद गैस की कोई कमी नहीं होने दे रही है। सभी घरों में चूल्हा चल रहा है। इस मौके पर क्षेत्र पंचायत प्रमुख त्रिपुरेश मिश्र, एसडीएम अंकित तिवारी, अपर पुलिस अधीक्षक आलोक राज नारायण, तहसीलदार संध्या यादव सहित बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## स्कूल के वार्षिकोत्सव में बच्चों ने समां बांधा

**शाहाबाद ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** नगर के एक स्कूल का वार्षिकोत्स स्टेशन रोड स्थित एक मैरिज में



हर्षोल्लास के साथ किया गया। समारोह का शुभारंभ स्कूल के प्रबंधक द्वारा सरस्वती मां की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन और मां की वंदना के साथ शुरू हुआ। वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में नन्हे मुन्ने बच्चों की मनोहर प्रस्तुतियों ने सबको मोहित किया। इस अवसर पर स्कूल के प्रबंधक ने कहा कि हम सबका प्रयास बच्चों की नींव को मजबूत करना होना चाहिए। स्कूल आज एक ब्रांड है और जिसके ब्रांड एंबेसडर हमारे बच्चे और अभिभावक है। क्लास फर्स्ट में प्रथम स्थान पाने वालों में इजहान, दर्श, अदविक, अर्श, अबू ज़र, मिष्ठी, अहमद माज सफल रहे वही द्वितीय स्थान में श्रेष्ठ और सलीम और तृतीय पोजिशन पर विवान व मन्नत ने सफलता पाई। इसी क्रम में क्लास सेकंड में प्रथम स्थान पर शिफा, द्वितीय पर विराट और तृतीय पर सिद्धांत ने सफलता पाई। क्लास थर्ड में प्रथम पर हसनैन, द्वितीय पर अरनब और तृतीय पर रेयान्श ने पोजिशन प्राप्त की क्लास फोर्थ में प्रथम स्थान पर मिज़ान, द्वितीय पर ज़यान, और तृतीय पर गौरांश सफल रहे। बेस्ट स्टूडेंट्स ऑफ ईयर का अवॉर्ड स्कूल के प्रतिभाशाली बच्चे गौरांश, नीट किड अवार्ड विवान, मिस्टर परफेक्ट का अवार्ड इजहान, मिस परफेक्ट काशवी और मेमोरी मास्टर के लिए शिवांश, मिस मैनर के लिए मिदत फातिमा, वेस्ट क्यूरियस व्योम, वेस्ट अटेंडेंस अर्श व अक्षत, प्रिशा, मो० अली को पुरस्कृत किया गया। स्पोर्ट चैंपियन के लिए अब्दुल अर्श को प्राइज दिया गया। इस मौके पर डॉ० शारिक शोएब ख़ान, अफ़ज़ल ख़ान, गोपाल रस्तोगी आदि अभिभावकों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले होनहार बच्चों को प्रशस्ति पत्र और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। स्कूल की डायरेक्टर ने कार्यक्रम के अंत में आगंतुकों के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि हमें आशा और विश्वास ही नहीं यकीन है कि भविष्य में भी इसी तरह का सहयोग और स्नेह मिलता रहेगा। उन्होंने कहा कि हम सबके कुशल मार्गदर्शन में स्कूल के बच्चे होनहार होकर अच्छी सफ्लता प्राप्त करेंगे। वार्षिकोत्सव में प्रिया, निगहत, अग्रमिता, फरहत, सेजल, लारैब, आकांक्षा, खलील ख़ान आदि मौजूद रहे और कार्यक्रम में विशेष योगदान दिया।

## धूमधाम से नवारंभ उत्सव मनाया गया

**शाहाबाद ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** प्राथमिक विद्यालय गौरियापुरवा के प्रांगण में श्नवारंभ उत्सवश्



बच्चों को गिफ्ट देते अध्यापक फोटो: राष्ट्रीय प्रस्तावना

अत्यंत हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नए प्रवेश लेने वाले बच्चों को विद्यालय के वातावरण के प्रति सहज बनाना और उन्हें शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना रहा। विद्यालय को रंग.बिरंगे गुब्बारोंए फूलों और आकर्षक रंगोली से सजाया गया था। विद्यालय के मुख्य द्वार पर शिक्षकों द्वारा नवागंतुक बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। उत्सव के दौरान विद्यालय के छात्रों ने स्वागत गीत और प्रेरणादायक लघु नाटक प्रस्तुत किए। नए बच्चों के लिए खेलकूद और चित्रकला जैसी मनोरंजक गतिविधियाँ आयोजित की गईं। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष,नोडल शिक्षक सिद्धार्थ कुमार, समस्त शिक्षक स्टाफऔर अभिभावक उपस्थित रहे।

## भूमि विवाद में दबंगों ने तीन को पीटा

**शाहाबाद ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** कोतवाली क्षेत्र के हूसेपुर लुकमान गांव में भूमि विवाद के चलते दबंगों ने एक महिला सहित तीन लोगों को पीट कर घायल कर दिया। घटना के नाम जद रिपोर्ट दर्ज कराई गई। छोटे पुत्र पुत्तू के अनुसार शाम ०7:00 बजे गांव के दबंग मदन गोपाल, मकरंद, नन्हे और गुलशन ने भूमि विवाद के चलते शाम ०7:00 बजे उसके ऊपर लाठी और डंडों से हमला कर दिया। चीखने चिल्लाने पर भतीजा सुरजीत और उसकी पत्नी पम्मी ने बचाना चाहा तो दबंगों ने उन्हें भी पीट कर घायल कर दिया। घायलों का डाक्टरी परीक्षण कराया गया। दबंगों के खिलाफनाम जद रिपोर्ट दर्ज कराई गई।

# उच्च प्राथमिक विद्यालय ऐजा का वार्षिकोत्सव हुआ सम्पन्न, विद्यालय के वार्षिकोत्सव में सम्मानित हुए छात्र छात्राएं





राष्ट्रीय प्रस्तावना

**हरदोई।** विकास खंड बावन के उच्च प्राथमिक विद्यालय ऐजा का वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंध समिति अध्यक्ष हरिकेश सिंह एवं विद्यालय के इंचार्ज प्रधानाध्यापक श्यामजी गुप्ता द्वारा मां सरस्वती की चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। विद्यालय की छात्रा शोभा, आसमा, खुशबू, कुलसुम द्वारा सरस्वती वंदना का प्रस्तुतीकरण किया गया। सभी अतिथियों का स्वागत बैज अलंकरण एवं तिलक लगाकर किया गया। मीना मंच के सदस्यों द्वारा एक लघुनाटिका का मंचन किया गया तथा इको क्लब के सदस्यों द्वारा पर्यावरण से संबंधित नाटक का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक अमित शुक्ला द्वारा किया गया। विद्यालय के बच्चों द्वारा अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कक्षा 8 के सभी बच्चों को गिफ्ट देकर नम आंखों के साथ विदाई की गई तथा उनसे पढ़ाई जारी रखने का निवेदन किया गया। छात्रा कुलसुम द्वारा विदाई गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में अपने विचार रखते हुए श्यामजी गुप्ता ने कहा कि विद्यालय में शिक्षा के साथ साथ अन्य पाठ्य सहगामी क्रियाओं का संचालन वर्ष भर होता है, जिसमें बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है। वर्ष में शिक्षा, खेल तथा अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र मुस्कान, विशेष, शोभा, अंकित, अल्लारक्खा, कोशिकी तथा हरप्रीत को सम्मानित किया गया। मीना मंच, रानी लक्ष्मी बाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण तथा इको क्लब के सदस्यों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। विद्यालय परिवार द्वारा अतिथि शिक्षकों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। सभी के जलपान के बाद कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अमित शुक्ला, प्रवेश कुमार, मनोज सिंह, अर्चना, अखिलेश, सतीश, मोतीलाल, कल्लू, दिनेश, किरन, मोहित सहित विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्य, ग्रामवासी तथा छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# नवारम्भ उत्सव का हुआ आयोजन

राष्ट्रीय प्रस्तावना

**हरदोई।** प्राथमिक विद्यालय छोलहा कोडर विकास क्षेत्र सुरसा में 25 मार्च 2026 को 'नवारंभ उत्सव कार्यक्रम' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि रवि कुमारए विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष लालाराम एवं विद्यालय के प्रधानाध्यापक हिमांशु श्रीवास्तव ने 3 से 6 वर्ष तक के बच्चों को एवं उनके अभिभावकों को विद्यालय में आमंत्रित किया, नन्हे-मुन्ने बच्चों का चंदन बंदन कर विद्यालय में फूल-माला से स्वागत किया गया। बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए, बच्चों के अभिभावकों को विद्यालय में चल रही सभी योजनाओं के बारे में बताया गया तथा नवीन प्रवेश के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर छात्रों द्वारा विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, बच्चों के द्वारा बालू पर अक्षर बनवाए गए, आंगनवाड़ी कार्यकत्री रजनी रानी के द्वारा कक्षा एक के योग्य बच्चों की सूची प्राप्त की गई। कार्यक्रम के पश्चात बच्चों एवं अभिभावकों को ग्राम प्रधान व प्रधानाध्यापक हिमांशु श्रीवास्तव द्वारा पुरस्कृत करते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया।



# भागवत कथा में पहुंचे विधायक के सख्त तेवर, बैंक कर्मियों पर मुकदमा दर्ज करने के दिए निर्देश

राष्ट्रीय प्रस्तावना

**कोथावाँ ( हरदोई )।** प्रताप नगर क्षेत्र के झरोइया गांव में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में दर्शन करने पहुंचे क्षेत्रीय विधायक रामपाल वर्मा के बैंक कर्मियों को लेकर सख्त तेवर देखने को मिले। सोमवार दोपहर कथा स्थल राधा-कृष्ण कुटी पहुंचे विधायक रामपाल वर्मा का मुख्य यजमान अमित शुक्ला गुड्डू सहित क्षेत्रीय लोगों ने माल्यार्पण कर स्वागत किया, वहीं कथा व्यास ने उन्हें आशीर्वाद दिया। इस दौरान विधायक ने यज्ञशाला की परिक्रमा कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली।



इसी बीच महडोरा गांव निवासी अनुज ने विधायक से शिकायत की कि बैंक से लोन दिलाने के नाम पर कर्मचारियों द्वारा भारी कमीशन की मांग की जा रही है। शिकायत सुनते ही विधायक ने नाराजगी जताते हुए मौके पर मौजूद चौकी इंचार्ज दीपक कुमार को निर्देश दिया कि यदि बैंक कर्मियों द्वारा किसी प्रकार की अवैध वसूली की जा रही है तो तत्काल मुकदमा दर्ज किया जाए। चौकी इंचार्ज ने पीड़ित से लिखित तहरीर देने को कहा। इस दौरान विधायक ने कहा कि बेरोजगार लोग रोजगार के लिए बैंक से लोन लेते हैं और यदि उनसे ही पैसा मांगा जाएगा तो यह गलत है। उन्होंने यह भी बताया कि प्रताप नगर स्थित बैंक ऑफ इंडिया की शुक्लापुर शाखा को लेकर पहले भी शिकायतें मिलती रही हैं। विधायक ने कहा कि ऐसे कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई आवश्यक है और वह इस संबंध में बैंक प्रबंधन व जिलाधिकारी को पत्र लिखेंगे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोग व श्रद्धालु मौजूद रहे।

## कृत्रिम बुद्धिमत्ता के युग में रहना

21वीं सदी में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के उदय से पहले किसी भी तरह का परिवर्तन हो रहा है। एक समय विज्ञान कथा तक सीमित अवधारणा, एआई अब रोजमर्रा की जिंदगी का एक अभिन्न अंग बन गया है। स्मार्टफोन और वर्चुअल असिस्टेंट से लेकर स्वास्थ्य देखभाल और शिक्षा तक, हम कृत्रिम बुद्धिमत्ता के युग में रह रहे हैं, जहां मशीनें सिर्फ उपकरण नहीं बल्कि मानव प्रगति में सक्रिय भागीदार हैं। एआई ने चुपचाप खुद को हमारी दैनिक दिनचर्या में शामिल कर लिया है। जब हम सबसे तेज मार्ग खोजने के लिए नेविगेशन ऐप्स का उपयोग करते हैं, स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर व्यक्तिगत सिफारिशें प्राप्त करते हैं, या ग्राहक सेवा के लिए चैटबॉट्स के साथ बातचीत करते हैं, तो हमें एआई-संचालित प्रणालियों से लाभ होता है। ये प्रौद्योगिकियां डेटा से सीखती हैं, उपयोगकर्ता के व्यवहार के अनुकूल होती हैं और लगातार सुधार करती हैं, जिससे जीवन अधिक सुविधाजनक और कुशल हो जाता है। एआई का सबसे महत्वपूर्ण प्रभाव शिक्षा में देखा जा सकता है। बुद्धिमान ट्यूशन प्रणालियां और व्यक्तिगत शिक्षण मंच छात्रों के सीखने के तरीके को बदल रहे हैं। एआई किसी छात्र की ताकत और कमजोरियों को पहचान सकता है, तथा उसे अनुरूप मार्गदर्शन और सहायता प्रदान कर सकता है। इससे न केवल सीखने के परिणाम बेहतर होते हैं, बल्कि शिक्षा को अधिक समावेशी और सुलभ भी बनाया जाता है। स्वास्थ्य सेवा में, एआई निदान और उपचार में क्रांति ला रहा है। उन्नत एल्गोरिदम चिकित्सा डेटा का विश्लेषण कर सकते हैं, प्रारंभिक अवस्था में बीमारियों का पता लगा सकते हैं, तथा डॉक्टरों को सटीक निर्णय लेने में सहायता कर सकते हैं। संभावित स्वास्थ्य जोखिमों की भविष्यवाणी करने से लेकर जटिल सर्जरी का समर्थन करने तक, एआई चिकित्सा देखभाल की गुणवत्ता और गति दोनों में सुधार कर रहा है, जिससे अंततः जीवन बचता है। कार्यस्थल में भी गहरा परिवर्तन हो रहा है। एआई द्वारा संचालित स्वचालन, बार-बार होने वाले और समय लेने वाले कार्यों को अपने नियंत्रण में ले रहा है, जिससे मनुष्य रचनात्मकता, समस्या समाधान और नवाचार पर ध्यान केंद्रित कर सकते हैं। हालांकि यह बदलाव नौकरी विस्थापन के बारे में चिंता पैदा करता है, लेकिन इससे डेटा विज्ञान, मशीन लर्निंग और एआई नैतिकता जैसे क्षेत्रों में भी नए अवसर पैदा होते हैं। हालाँकि, एआई के युग में जीवन चुनौतियों से रहित नहीं है। डेटा गोपनीयता, एल्गोरिदमिक पूर्वाग्रह और नैतिक चिंताओं जैसे मुद्दे तेजी से महत्वपूर्ण होते जा रहे हैं। मशीनों के पास कितना नियंत्रण होना चाहिए और यह कैसे सुनिश्चित किया जाए कि वे मानवता के सर्वोत्तम हित में कार्य करें, यह प्रश्न वैश्विक बहस का विषय बना हुआ है। इसके अलावा, प्रौद्योगिकी पर अत्यधिक निर्भरता से आलोचनात्मक सोच और पारस्परिक संचार जैसे मानवीय कौशल कम हो सकते हैं। एक अन्य महत्वपूर्ण पहलू मानव संबंधों और समाज पर प्रभाव है। जैसे-जैसे एआई प्रणालियां संचार में अधिक मानवीय हो जाती हैं, लोग मित्रता या निर्णय लेने के लिए उन पर निर्भर रहना शुरू कर देते हैं। हालांकि यह कुछ संदर्भों में लाभदायक हो सकता है, लेकिन इससे भावनात्मक निर्भरता और वास्तविक मानवीय संबंधों के क्षरण की चिंता भी उत्पन्न होती है। इन चुनौतियों के बावजूद, एआई में सकारात्मक परिवर्तन की अपार संभावनाएं हैं। यह जलवायु परिवर्तन, संसाधन प्रबंधन और आपदा प्रतिक्रिया जैसे वैश्विक मुद्दों को संबोधित करने में मदद कर सकता है। विशाल मात्रा में डेटा का विश्लेषण करके, एआई ऐसी अंतर्दृष्टि और समाधान प्रदान कर सकता है जो पहले मानव क्षमता से परे थे। निष्कर्षतः, कृत्रिम बुद्धिमत्ता के युग में जीवन अवसर और जिम्मेदारी का मिश्रण है। चूंकि एआई का विकास जारी है, इसलिए व्यक्तियों, सरकारों और संगठनों के लिए इसका बुद्धिमानी और नैतिक तरीके से उपयोग करना आवश्यक है। भविष्य का आकार केवल मशीनों से नहीं होगा, बल्कि इस बात से होगा कि मनुष्य किस प्रकार उनका मार्गदर्शन करेगा और उनके साथ सह-अस्तित्व बनाएगा। मानवीय मूल्यों को संरक्षित करते हुए एआई का उपयोग करना एक संतुलित और टिकाऊ विश्व के निर्माण की कुंजी होगी।

**एआई ने चुपचाप खुद को हमारी दैनिक दिनचर्या में शामिल कर लिया है। जब हम सबसे तेज मार्ग खोजने के लिए नेविगेशन ऐप्स का उपयोग करते हैं, स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर व्यक्तिगत सिफारिशें प्राप्त करते हैं, या ग्राहक सेवा के लिए चैटबॉट्स के साथ बातचीत करते हैं, तो हमें एआई-संचालित प्रणालियों से लाभ होता है। ये प्रौद्योगिकियां डेटा से सीखती हैं, उपयोगकर्ता के व्यवहार के अनुकूल होती हैं और लगातार सुधार करती हैं, जिससे जीवन अधिक सुविधाजनक और कुशल हो जाता है। एआई का सबसे महत्वपूर्ण प्रभाव शिक्षा में देखा जा सकता है। बुद्धिमान ट्यूशन प्रणालियां और व्यक्तिगत शिक्षण मंच छात्रों के सीखने के तरीके को बदल रहे हैं।**

# धुरंधर 2 से कैसे बेनकाब हुई अखिलेश की मुस्लिम परस्त राजनीति

अजय कुमार

रणवीर सिंह अभिनीत फिल्म ‘धुरंधर द रिवेंज‘ इन दिनों बॉक्स ऑफिस पर जितनी धमाकेदार है, उससे कहीं ज्यादा राजनीति के गलियारों में तूफान मचा रही है। फिल्म में ‘अतीक अहमद‘ नामक एक ऐसा किरदार दिखाया गया है, जो असल माफिया अतीक अहमद से मेल खाता है। इस किरदार के पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई से कथित संबंधों को दिखाए जाने को लेकर राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। फिल्म की कहानी ने जो रंग उड़ाया है, उसमें सबसे ज्यादा बेचैनी समाजवादी पार्टी और उसके नेता अखिलेश यादव को है। और यही बेचैनी खुद ब खुद सपा की मुस्लिम राजनीति की असलियत को बेनकाब कर रही है।अखिलेश यादव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि सरकार ऐसी प्रोपेगेंडा फिल्में बनाने पर पैसा खर्च कर रही है जो दूसरी पार्टियों को बदनाम करती हैं, और यहां तक कि फिल्म की रिलीज पर भी पैसे बहाए जा रहे हैं। यह बयान राजनीतिक दृष्टि से समझना जरूरी है। अखिलेश यादव की यह प्रतिक्रिया केवल एक फिल्म के विरोध तक सीमित नहीं है, बल्कि यह उनकी उस राजनीतिक मजबूरी को दर्शाती है जो मुस्लिम वोट बैंक पर टिकी है। फिल्म में दिखाया गया है कि किरदार का पाकिस्तान के आईएसआई चीफ से सीधा कनेक्शन है, पंजाब में ड्रोन से गिराए गए अवैध हथियार उस तक पहुंचाए जाते हैं, लश्कर-ए-तैयबा से संबंध हैं और जाली नोट नेपाल के रास्ते भारत लाए जाते हैं। यूपी की राजनीति में भी उसका दखल दिखाया गया है। इस किरदार की पहचान सपा के पूर्व सांसद अतीक अहमद से जोड़ी जा रही है, और यही जुड़ाव समाजवादी पार्टी को सबसे ज्यादा परेशान कर रहा है।सवाल यह है कि अखिलेश यादव इस फिल्म पर इतने आग-बबूला क्यों हैं? अतीक अहमद समाजवादी पार्टी के टिकट पर चुनाव जीत चुका था और सपा प्रमुख इस फिल्म को प्रोपेगेंडा करार दे रहे हैं। लेकिन जिस तरह की बेचैनी अखिलेश ने दिखाई है, वह यह साबित करती है कि यह फिल्म उनकी मुस्लिम वोट की राजनीति की नींव हिला रही है। राजनीतिक गलियारों में एक तस्वीर काफी चर्चित रही है, जिसमें सपा नेता मुलायम सिंह यादव अतीक अहमद के घर गए थे। यह रिश्ता केवल एक संयोग नहीं था, बल्कि उस राजनीतिक समीकरण का हिस्सा था जिसे सपा ने वर्षों तक सींचा। सपा से ही निष्कासित विधायक पूजा पाल ने सीधे आरोप लगाया कि अतीक अहमद समाजवादी पार्टी का सबसे बड़ा फाइनेंसर था और उसकी मौत का दुख आज भी सपा को सता रहा है। पूजा पाल के इस बयान ने सपा की आंतरिक कलह को सतह पर ला दिया है। उन्होंने यह भी कहा कि अतीक अहमद ने उनकी तरह हजारों युवाओं की जिंदगी बर्बाद की और सपा के संरक्षण में वह वर्षों तक फलता-फूलता रहा।सपा प्रमुख और पूरी समाजवादी पार्टी ‘धुरंधर 2‘ को लेकर केंद्र सरकार पर आरोप तो लगा रही है, लेकिन ‘आर्टिकल 15‘ जैसी फिल्मों पर उनकी जुबान नहीं खुलती, जिनमें ब्राह्मणों और हिंदुओं को बदनाम किया गया। यह दोहरापन ही सपा की असली राजनीति है। जब बात मुस्लिम समुदाय से जुड़े किरदार की आती है तो पार्टी सड़क पर उतर आती है, लेकिन दूसरे समुदायों को लेकर बनी फिल्मों पर खामोशी साध लेती है। एआईएमआईएम नेता शौकत अली ने भी दावा किया कि यह फिल्म मुसलमानों को बदनाम करने के लिए बनाई गई है। उन्होंने अतीक अहमद का नाम लिए बिना कहा कि जब वे जिंदा थे तो आईएसआई के एजेंट नहीं थे, लेकिन मरने के बाद उन्हें आईएसआई का एजेंट बना दिया गया। यह बयान दिलचस्प है क्योंकि यह सीधे सपा की मुस्लिम वोट बैंक की राजनीति से जुड़ता है। जब भी ऐसी कोई फिल्म या घटना सामने आती है, विपक्ष एकजुट होकर मुस्लिम भावनाओं को हवा देने की कोशिश करता है।मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने पलटवार करते हुए कहा कि अतीक अहमद जो करता था वही फिल्म में दिखाया गया तो इसमें बुरा क्या है। यह जवाब उस बहस की दिशा तय करता है जिसे सपा ने खुद शुरू किया। यदि कोई माफिया वाकई आईएसआई से जुड़ा था, तो उसे पर्दे पर दिखाना क्या गलत है? सपा का विरोध यह संदेश देता है कि वह उस माफिया की विरासत को सुरक्षित रखना चाहती है जो उसके वोट बैंक का हिस्सा रहा। 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव नजदीक आ रहे हैं और ऐसे में यह फिल्म सपा के लिए एक बड़ी राजनीतिक चुनौती बनकर उभरी है। बीजेपी के प्रदेशाध्यक्ष पंकज चौधरी ने अखिलेश यादव पर पलटवार किया और कहा कि जब सपा की सरकार थी तब उन्होंने कुछ नहीं किया। यानी यह फिल्म उन पुराने घावों को ताजा कर रही है जो सपा अब तक भुलाने में लगी थी। ‘धुरंधर 2‘ ने अखिलेश यादव की उस राजनीति की पोल खोल दी है जो एक तरफ पीडीए यानी पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक के नाम पर मुस्लिम वोट समेटने की कोशिश करती है, और दूसरी तरफ उन तथ्यों पर पर्दा डालने की जुगत लगाती है जो उसकी विश्वसनीयता पर सवाल खड़े करते हैं। एक फिल्म ने यह साबित कर दिया है कि मुस्लिम वोट बैंक की राजनीति पर टिकी सपा की नाव जितनी मजबूत दिखती है, अंदर से उतनी ही खोखली है।

**फिल्म में दिखाया गया है कि किरदार का पाकिस्तान के आईएसआई चीफ से सीधा कनेक्शन है, पंजाब में ड्रोन से गिराए गए अवैध हथियार उस तक पहुंचाए जाते हैं, लश्कर-ए-तैयबा से संबंध हैं और जाली नोट नेपाल के रास्ते भारत लाए जाते हैं। यूपी की राजनीति में भी उसका दखल दिखाया गया है। इस किरदार की पहचान सपा के पूर्व सांसद अतीक अहमद से जोड़ी जा रही है, और यही जुड़ाव समाजवादी पार्टी को सबसे ज्यादा परेशान कर रहा है।सवाल यह है कि अखिलेश यादव इस फिल्म पर इतने आग-बबूला क्यों हैं? अतीक अहमद समाजवादी पार्टी के टिकट पर चुनाव जीत चुका था और सपा प्रमुख इस फिल्म को प्रोपेगेंडा करार दे रहे हैं। लेकिन जिस तरह की बेचैनी अखिलेश ने दिखाई है, वह यह साबित करती है कि यह फिल्म उनकी मुस्लिम वोट की राजनीति की नींव हिला रही है। राजनीतिक गलियारों में एक तस्वीर काफी चर्चित रही है, जिसमें सपा नेता मुलायम सिंह यादव अतीक अहमद के घर गए थे। यह रिश्ता केवल एक संयोग नहीं था, बल्कि उस राजनीतिक समीकरण का हिस्सा था जिसे सपा ने वर्षों तक सींचा। सपा से ही निष्कासित विधायक पूजा पाल ने सीधे आरोप लगाया कि अतीक अहमद समाजवादी पार्टी का सबसे बड़ा फाइनेंसर था और उसकी मौत का दुख आज भी सपा को सता रहा है। पूजा पाल के इस बयान ने सपा की आंतरिक कलह को सतह पर ला दिया है।**

# एलपीजी संकट से खाने-पीने का धंधा चौपटः बेरोजगारी, पलायन बढ़ा

संजय सक्सेना

मार्च 2026 का महीना भारत के लाखों रेस्तरां मालिकों, ढाबेदारों और छोटे खाने-पीने के कारोबारियों के लिए एक बुरे सपने जैसा बन गया है। देश के सबसे बड़े सुबह उत्तर प्रदेश के छोटे-बड़े शहरों से लेकर गांव-देहात तक में एलपीजी गैस संकट ने खानपान के धंधे में लगे लोगों की कमर तोड़ दी है। यूपी ही नहीं, दिल्ली की गलियों से लेकर मुंबई के फुटपाथ तक, बेंगलुरु के होटलों से लेकर आंध्र प्रदेश के दूरदराज के ढाबों तक हर जगह एक ही चिंता हैः एलपीजी गैस कहां से आएगी? मार्च 2026 के पहले सप्ताह में यह संकट तब शुरू हुआ जब ईरान, इजराइल और अमेरिका के बीच सैन्य संघर्ष के बाद होर्मुज जलडमरूमध्य व्यावहारिक रूप से बंद हो गया, जो दुनिया के इतिहास में पहली बार हुआ। भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा एलपीजी आयातक है और वित्त वर्ष 2025 में उसने 3.13 करोड़ मीट्रिक टन एलपीजी की खपत की। देश अपनी जरूरत का करीब 67 फीसदी एलपीजी आयात करता है, जिसमें से लगभग 90 फीसदी होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर आता है। जब यह रास्ता बंद हुआ, तो भारत की रसोई की नब्ज थम-सी गई।घरेलू उपभोक्ताओं की सुरक्षा के लिए सरकार ने व्यावसायिक एलपीजी आपूर्ति में 80 फीसदी तक की कटौती कर दी। इसका नतीजा यह हुआ कि यूपी, बिहार, दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु और कोच्चि जैसे बड़े शहरों में हजारों रेस्तरां और होटल या तो बंद हो गए या उन्हें लकड़ी और कोयले पर वापस लौटना पड़ा। नेशनल रेस्टोरेंट एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एनआरएआई) के अध्यक्ष सागर दरयानी ने कहा कि यह एक संकट की स्थिति है, जो अगले कुछ दिनों में कई रेस्तरां बंद करा देगी। उन्होंने बताया कि भारत के 90 फीसदी रेस्तरां अपनी रसोई चलाने के लिए एलपीजी सिलेंडर पर निर्भर हैं। उद्योग पहले से ही कम मांग और उच्च लागत से जूझ रहा था, लेकिन अगर एलपीजी आपूर्ति की समस्या बनी रहती है, तो इससे ''कारोबार बंद होंगे और नौकरियां जाएंगी। रेस्तरां उद्योग के जानकार और कई ब्रांड के संस्थापक ज़ोरावर कालरा ने इस संकट की तुलना मार्च 2020 के कोविड लॉकडाउन के शुरुआती दिनों से की। उन्होंने कहा कि रेस्तरां क्षेत्र कृषि के बाद देश का दूसरा सबसे बड़ा रोजगार देने वाला उद्योग है, जो सीधे तौर पर करीब 80 लाख लोगों को रोजगार देता है और इतने ही लोगों को अप्रत्यक्ष रूप से। यह रु. 6.6 लाख करोड़ का पारिस्थितिकी तंत्र है, जो हर दिन जीडीपी में करीब रु. 1,800 करोड़ का योगदान देता है।कालरा ने अनुमान जताया कि अगर एलपीजी आधारित संचालन बंद हो जाए, तो दैनिक नुकसान रु. 1,200 से रु. 1,300 करोड़ के बीच हो सकता है। सबसे बुरी मार छोटे ढाबेदारों और रेहड़ी-पटरी वालों पर पड़ रही है, जिनकी पूरी आजीविका एक-दो सिलेंडर पर टिकी है। उत्तर प्रदेश में कुछ होटल मालिकों का कहना है कि उनके पास केवल एक या दो दिन का गैस भंडार बचा है और सिलेंडर की उपलब्धता 40 से 50 फीसदी तक घट गई है। लखनऊ के रकाबगंज इलाके में रहने वाली चंदनी, जो प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना की लाभार्थी हैं, डेढ़ साल तक बिना रुकावट गैस पाती रहीं। लेकिन जब उनका रिफिल नहीं आया, तो वो फिर से लकड़ी की ओर लौट गईं। उन्होंने कहा कि दिल्ली में लकड़ी की कीमत रु. 10 से बढ़कर रु. 20 प्रति किलो हो गई है।संकट का असर खाने-पीने के कारोबार तक ही सीमित नहीं है। व्यवसाय ये बढ़ी हुई लागत उपभोक्ताओं पर डाल रहे हैं, जिससे खाने की कीमतें और महंगाई बढ़ रही है। यह संकट दक्षिणी और पश्चिमी राज्यों में सबसे गंभीर है, जबकि पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) के बुनियादी ढांचे वाले शहर अपेक्षाकृत कम प्रभावित हैं। इस संकट ने लॉन्ड्री और कांच-सिरेमिक जैसे कारखानों को भी प्रभावित किया है। पुणे में एक गैस चालित शवदाह गृह तक बंद करना पड़ गया। संसद के बाहर विपक्षी दलों ने प्रधानमंत्री के खिलाफ नारेबाजी की।सरकार के कदमों की बात करें तो 8 मार्च 2026 को सरकार ने आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत रिफाइनरियों को एलपीजी उत्पादन अधिकतम करने के आदेश दिए। घरेलू उत्पादन में करीब 25 फीसदी की बढ़ोतरी की गई। इसके अलावा लगभग 48,000 किलोलीटर केरोसीन वैकल्पिक ईंधन के रूप में जारी किया गया और शहरी इलाकों में सिलेंडर बुकिंग के बीच का न्यूनतम अंतराल 21 से बढ़ाकर 25 दिन कर दिया गया। 12,000 से अधिक छापे मारे गए और जमाखोरी एवं कालाबाजारी रोकने के लिए 15,000 से ज्यादा सिलेंडर जब्त किए गए। पेट्रोलियम मंत्रालय ने रेस्तरां, होटल और अन्य व्यावसायिक उद्योगों को एलपीजी आपूर्ति के लिए प्रतिनिधित्व की समीक्षा हेतु एक समिति बनाने की भी घोषणा की। हालांकि, कालरा ने बताया कि रेस्तरां केवल 19 किलो के व्यावसायिक सिलेंडर का उपयोग कर सकते हैं और घरेलू सिलेंडर पर नहीं जा सकते। करीब 75 फीसदी रेस्तरां एलपीजी पर निर्भर हैं, जबकि केवल 25 फीसदी के पास पाइप्ड गैस का विकल्प है।यह संकट कब तक चलेगा, यह सवाल सबसे बड़ा है। ईरान के राजदूत ने कहा कि उनका देश कुछ ईंधन जहाजों को भारत के लिए होर्मुज से गुजरने की अनुमति के लिए 22 जहाज अभी भी फारस की खाड़ी में फंसे हुए हैं। जब तक होर्मुज की राह नहीं खुलती और कूटनीतिक समाधान नहीं निकलता, भारत के लाखों खाने-पीने के कारोबारियों की थाली खाली और चूल्हा ठंडा ही रहेगा।

**नेशनल रेस्टोरेंट एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एनआरएआई) के अध्यक्ष सागर दरयानी ने कहा कि यह एक संकट की स्थिति है, जो अगले कुछ दिनों में कई रेस्तरां बंद करा देगी। उन्होंने बताया कि भारत के 90 फीसदी रेस्तरां अपनी रसोई चलाने के लिए एलपीजी सिलेंडर पर निर्भर हैं। उद्योग पहले से ही कम मांग और उच्च लागत से जूझ रहा था, लेकिन अगर एलपीजी आपूर्ति की समस्या बनी रहती है, तो इससे ''कारोबार बंद होंगे और नौकरियां जाएंगी। रेस्तरां उद्योग के जानकार और कई ब्रांड के संस्थापक ज़ोरावर कालरा ने इस संकट की तुलना मार्च 2020 के कोविड लॉकडाउन के शुरुआती दिनों से की। उन्होंने कहा कि रेस्तरां क्षेत्र कृषि के बाद देश का दूसरा सबसे बड़ा रोजगार देने वाला उद्योग है, जो सीधे तौर पर करीब 80 लाख लोगों को रोजगार देता है और इतने ही लोगों को अप्रत्यक्ष रूप से।**

# मर्यादा, सुशासन और शांति के विश्वनायक श्रीराम

**रामनवमी पर विशेष**

ललित गर्ग

रामनवमी केवल एक धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि मानव सभ्यता के नैतिक और सांस्कृतिक पुनर्जागरण का पुण्य और पवित्र अवसर है। आज जब दुनिया युद्ध, हिंसा, आतंक, असहिष्णुता, पारिवारिक विघटन, राजनीतिक अविश्वास और नैतिक पतन जैसी अनेक समस्याओं से जूझ रही है, तब मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का जीवन-दर्शन केवल आस्था का विषय नहीं, बल्कि मानव समाज और विश्व-राजनीति के लिये मार्गदर्शन का स्रोत बन सकता है। श्रीराम का जीवन केवल एक धार्मिक आख्यान नहीं है, बल्कि वह शासन, समाज, परिवार, युद्ध, कूटनीति, न्याय और मानव संबंधों का एक संपूर्ण दर्शन है, जिसे आधुनिक संदर्भों में पुनर्पाठ की आवश्यकता है। श्रीराम का सम्पूर्ण जीवन विलक्षणताओं एवं विशेषताओं से ओतप्रोत है, प्रेरणादायी है। उन्हें अपने जीवन की खुशियों से बढक़र लोक जीवन की चिंता थी, तभी उन्होंने अनेक तरह के त्याग के उदाहरण प्रस्तुत किये। राजा के इन्हीं आदर्शों के कारण ही भारत में रामराज्य की आज तक कल्पना की जाती रही है। श्रीराम के बिना भारतीय समाज की कल्पना संभव नहीं है। अब श्रीराम मन्दिर के रूप में एक शक्ति एवं सिद्धि स्थल बन गया है, जो रामराज्य के सुदीर्घ काल के सपने को आकार देने का सशक्त एवं सकारात्मक वातावरण भी बनेगा। श्रीराम मंदिर जीवनमूल्यों की महक एवं प्रयोगशाला के रूप में उभरेगा। क्योंकि श्रीराम का चरित्र ही ऐसा है जिससे न केवल भारत बल्कि दुनिया में शांति, अहिंसा, अयुद्ध, साम्प्रदायिक सौहार्द एवं अमन का साम्राज्य स्थापित होगा। ईरान-इजरायल एवं यूक्रे-रूस के बीच चल रहा युद्ध एवं इस परिप्रेक्ष्य में विश्वयुद्ध की संभावनाओं को देखते हुए श्रीराम के जीवन आदर्शों को विश्व व्यापी बनाने की अपेक्षा है, ताकि दुनिया शांति एवं चैन से जी सके। श्रीराम का जीवन हमें सबसे पहले मर्यादा का संदेश देता है। आधुनिक विश्व की सबसे बड़ी समस्या मर्यादा का संकट है-राजनीति में मर्यादा नहीं, समाज में मर्यादा नहीं, परिवार में मर्यादा नहीं और अंतरराष्ट्रीय संबंधों में भी मर्यादा नहीं। श्रीराम का जीवन बताता है कि शक्ति से अधिक महत्वपूर्ण मर्यादा होती है। उन्होंने सामर्थ्य होते हुए भी राज्य के लिये संघर्ष नहीं किया, बल्कि पिता की आज्ञा और समाज की मर्यादा को सर्वोच्च माना। आज यदि विश्व राजनीति में मर्यादा और नैतिकता का समावेश हो जाये, तो अनेक युद्ध स्वतः समाप्त हो सकते हैं। राष्ट्र यदि केवल शक्ति और विस्तारवाद की नीति छोड़कर मर्यादा और न्याय की नीति अपनाएं, तो विश्व शांति संभव हो सकती है। आज दुनिया के अनेक युद्ध चाहे वह रूस-यूक्रेन युद्ध हो, मध्य-पूर्व के संघर्ष हों या अन्य क्षेत्रीय युद्ध-इन सबके मूल में अहंकार, विस्तारवाद, संसाधनों पर अधिकार और वैचारिक वर्चस्व की लड़ाई है। श्रीराम का युद्ध दर्शन इससे बिल्कुल भिन्न था। उन्होंने कभी युद्ध को लक्ष्य नहीं बनाया, बल्कि युद्ध उनके लिये अंतिम विकल्प था। उन्होंने पहले संवाद किया, फिर दूत भेजा, फिर समझौते का प्रयास किया और अंत में जब सभी रास्ते बंद हो गये तब युद्ध किया। यह युद्ध नीति आज के अंतरराष्ट्रीय संबंधों के लिये एक आदर्श मॉडल हो सकती है-पहले संवाद, फिर कूटनीति, फिर प्रतिबंध और अंत में युद्ध। आधुनिक विश्व यदि इस क्रम को स्वीकार कर ले, तो युद्धों की संख्या कम हो सकती है। श्रीराम का जीवन सुशासन का भी आदर्श प्रस्तुत करता है, जिसे आज ह्लरामराज्यङ्क के रूप में जाना जाता है। रामराज्य का अर्थ केवल धार्मिक राज्य नहीं, बल्कि न्याय, समानता, सुरक्षा, समृद्धि और नैतिक शासन व्यवस्था है। रामराज्य में राजा और प्रजा के बीच दूरी नहीं थी, शासन उत्तरदायी था, न्याय त्वरित था, समाज में भय नहीं था और आर्थिक असमानता अत्यधिक नहीं थी। आज लोकतंत्र होने के बावजूद जनता और शासन के बीच दूरी बढ़ती जा रही है, राजनीति सेवा से अधिक सत्ता का माध्यम बनती जा रही है। श्रीराम का शासन हमें बताता है कि शासन का उद्देश्य सत्ता नहीं, सेवा होना चाहिए। आधुनिक लोकतंत्र यदि रामराज्य की अवधारणा से प्रेरणा ले, तो लोकतंत्र अधिक मानवीय और उत्तरदायी बन सकता है। श्रीराम का जीवन पारिवारिक मूल्यों का भी अद्भुत उदाहरण है। आज दुनिया में परिवार टूट रहे हैं, पीढ़ियों के बीच संवाद समाप्त हो रहा है, रिश्ते स्वार्थ पर आधारित होते जा रहे हैं। श्रीराम ने पुत्र के रूप में आदर्श प्रस्तुत किया, भाई के रूप में आदर्श प्रस्तुत किया, पति के रूप में आदर्श प्रस्तुत किया और मित्र के रूप में भी आदर्श प्रस्तुत किया। भरत और राम का संबंध त्याग और प्रेम का सर्वोच्च उदाहरण है। आज यदि परिवारों में अधिकार की जगह कर्तव्य और स्वार्थ की जगह त्याग की भावना आ जाये, तो समाज की आधी समस्याएं समाप्त हो सकती हैं। श्रीराम ने मर्यादा के पालन के लिए राज्य, मित्र, माता-पिता, यहां तक कि पत्नी का भी साथ छोड़ा। इनका परिवार, आदर्श भारतीय परिवार का प्रतिनिधित्व करता है। श्रीराम रघुकुल में जन्मे थे, जिसकी परम्परा प्रान जाहुं बरु बचनु न जाई की थी। श्रीराम हमारी अनंत मर्यादाओं के प्रतीक पुरुष हैं इसलिए उन्हें मर्यादा पुरुषोत्तम के नाम से पुकारा जाता है। हमारी संस्कृति में ऐसा कोई दूसरा चरित्र नहीं है जो श्रीराम के समान मर्यादित, धीर-वीर, न्यायप्रिय और प्रशांत हो। वाल्मीकि के श्रीराम लौकिक जीवन की मर्यादाओं का निर्वाह करने वाले वीर पुरुष हैं। उन्होंने लंका के अत्याचारी राजा रावण का वध किया और लोक धर्म की पुनःस्थापना की। लेकिन वे नील गगन में दैदीप्यमान सूर्य के समान दाहक शक्ति से संपन्न, महासमुद्र की तरह गंभीर तथा पृथ्वी की तरह क्षमाशील भी हैं। वे दुराचारियों, यज्ञ विध्वंसक राक्षसों, अत्याचारियों का नाश कर लौकिक मर्यादाओं की स्थापना करके आदर्श समाज की संरचना के लिए ही जन्म लेते हैं। आज ऐसे ही स्वस्थ समाज निर्माण की जरूरत है। सामाजिक दृष्टि से भी श्रीराम का जीवन अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने समाज के सबसे निम्न माने जाने वाले लोगों को भी सम्मान दिया। केवट, शबरी, जटायु, सुग्रीव, हनुमान-ये सभी समाज के विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधि थे। श्रीराम ने सभी को साथ लेकर संघर्ष किया और विजय प्राप्त की। यह सामाजिक समरसता का अद्भुत उदाहरण है। आधुनिक राष्ट्र निर्माण में भी यही सिद्धांत लागू होता है कि समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर ही राष्ट्र शक्तिशाली बन सकता है। केवल आर्थिक विकास से राष्ट्र महान नहीं बनता, सामाजिक समरसता और नैतिक एकता से राष्ट्र महान बनता है। श्रीराम हमारे कण-कण में समाये हैं, हमारी जीवनशैली का अभिन्न अंग हैं। श्रीराम का जीवन हमें यह भी सिखाता है कि एक आदर्श राष्ट्र केवल सेना और अर्थव्यवस्था से नहीं बनता, बल्कि चरित्र से बनता है। यदि नागरिक चरित्रवान होंगे, तो राष्ट्र स्वतः शक्तिशाली होगा। आज राष्ट्र शक्ति का अर्थ केवल सैन्य शक्ति और आर्थिक शक्ति माना जाता है, जबकि श्रीराम का जीवन बताता है कि नैतिक शक्ति सबसे बड़ी शक्ति होती है। रावण के पास अधिक सेना, अधिक धन, अधिक विद्या और अधिक शक्ति थी, फिर भी उसकी हार हुई क्योंकि उसके पास नैतिक शक्ति नहीं थी। यह आज के विश्व के लिये बहुत बड़ा संदेश है। आज जब दुनिया अस्तित्व के संकट, पर्यावरण संकट, युद्ध संकट और नैतिक संकट से जूझ रही है, तब श्रीराम का जीवन मानवता को संतुलन का संदेश देता है-शक्ति और शांति का संतुलन, अधिकार और कर्तव्य का संतुलन, भोग और त्याग का संतुलन, राज्य और समाज का संतुलन, परिवार और व्यक्तिगत जीवन का संतुलन। यही संतुलन ही मानव सभ्यता को बचा सकता है।

रामनवमी का पर्व हमें केवल पूजा करने का संदेश नहीं देता, बल्कि श्रीराम के जीवन को अपने जीवन, समाज और राष्ट्र की नीति में उतारने का संदेश देता है। यदि विश्व राजनीति श्रीराम की युद्ध नीति से प्रेरणा ले, यदि लोकतंत्र श्रीराम के सुशासन से प्रेरणा ले, यदि परिवार श्रीराम के पारिवारिक मूल्यों से प्रेरणा ले और यदि समाज श्रीराम की समरसता की भावना से प्रेरणा ले, तो एक आदर्श समाज और आदर्श राष्ट्र की कल्पना साकार हो सकती है। आज आवश्यकता इस बात की नहीं है कि हम केवल मंदिर बनाएं, बल्कि आवश्यकता इस बात की है कि हम अपने भीतर राम का निर्माण करें। जब व्यक्ति के भीतर राम का जन्म होगा, तभी समाज में रामराज्य आएगा। राम केवल इतिहास नहीं हैं, राम केवल आस्था नहीं हैं, राम मानव सभ्यता के नैतिक भविष्य का नाम हैं। यही रामनवमी का वास्तविक संदेश है।



# कौशाम्बी की माटी में शिक्षा की नई अलख

## 467 शिक्षकों को मिला निपुण सारथी सम्मान

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



कौशाम्बी। जनपद के शैक्षिक इतिहास में बुधवार को एक स्वर्णिम अध्याय जुड़ गया। कलेक्ट्रेट स्थित सम्राट उदयन सभागार में 'निपुण विद्यालय सम्मान समारोह 2026' का भव्य आयोजन हुआ। निपुण भारत मिशन के तहत उत्कृष्ट कार्य करने वाले 467 शिक्षकों को 'निपुण सारथी' सम्मान से नवाजा गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि निवर्तमान विधायक चायल संजय गुप्ता, निवर्तमान विधायक मंझनपुर लाल बहादुर, राज्य महिला आयोग सदस्य प्रतिभा कुशवाहा, मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी एवं जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश कुमार द्वारा दीप प्रज्ज्वलन और मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। समारोह में जनपद के 467 शिक्षकों को शाल ओढ़ाकर एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। अपने विद्यालयों को 'निपुण' बनाने में शिक्षकों के प्रयासों की मंच से भूरि-भूरि प्रशंसा की गई। सम्मान प्राप्त करते समय सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. कमलेंद्र कुमार कुशवाहा को भी उनके उत्कृष्ट नेतृत्व और प्रबंधन के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि उनके निर्देशन में कौशाम्बी ने बेसिक शिक्षा के क्षेत्र में नए मानक स्थापित किए हैं। निवर्तमान विधायक संजय गुप्ता ने कहा कि शिक्षक समाज की आत्मा और राष्ट्र के निर्माता होते हैं। वहीं लाल बहादुर ने कहा कि शिक्षा की रोशनी से अज्ञानता का अंधकार स्वतः समाप्त हो जाता है और कौशाम्बी का प्रदर्शन प्रदेश में मिसाल बन रहा है। राज्य महिला आयोग सदस्य प्रतिभा कुशवाहा ने कहा कि शिक्षित समाज ही नारी सशक्तिकरण की आधारशिला है। मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी ने शिक्षकों की प्रतिबद्धता को सराहते हुए कहा कि प्रशासनिक लक्ष्यों को हासिल करने में शिक्षकों की भूमिका महत्वपूर्ण रही है। जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश कुमार ने कहा कि बेसिक शिक्षा की मजबूत नींव ही उच्च शिक्षा की आधारशिला बनती है। कार्यक्रम का संचालन एसआरजी डॉ. ओम प्रकाश सिंह ने किया, जिन्होंने अपनी ओजस्वी शैली से समारोह में ऊर्जा का संचार किया। कार्यक्रम के सफल संचालन में डीसी धर्मनाथ का विशेष योगदान रहा, जबकि सह-उद्घोषक सुनिष्ठा ने अपनी प्रभावी प्रस्तुति से सभी का ध्यान आकर्षित किया। अंत में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। यह आयोजन न केवल एक सम्मान समारोह रहा, बल्कि जनपद में शिक्षा के क्षेत्र में हुए गुणात्मक सुधार का जीवंत उदाहरण भी बना।

## बांस काटने के विवाद में चली गोली, छर्रे लगने से घायल महिला

शुक्लागंज, उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत हाजीपुर चौकी के बेनीपुरवा गांव में मंगलवार देर रात बांस काटने को लेकर हुए मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। इस दौरान हुई फायरिंग में एक महिला छर्रे लगने से घायल हो गई। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर तीन नामजद और अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, बेनीपुरवा निवासी नंदिनी निषाद ने बताया कि मंगलवार रात करीब 11:15 बजे कुछ लोग सुनील पुत्र चुन्नीलाल के बाग से बांस काटकर ले जा रहे थे। जब वे लोग बांस लेकर उनके घर के सामने से गुजर रहे थे, तो बांस बिजली के तारों में उलझ गया। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। विवाद इतना बढ़ा कि आरोपियों ने फायरिंग कर दी, जिसके छर्रे नंदिनी के पैर में जा लगे। पुलिस ने नंदिनी निषाद की तहरीर के आधार पर सूरज (पुत्र जगदीश), कांशीराम (पुत्र राजाराम) निवासी पटियार, और मनीष निवासी दुर्गापुरवा (कानपुर नगर) सहित अन्य अज्ञात के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया है।

# विज्ञान क्लब ने कराया आईआईआईटी प्रयागराज का भ्रमण

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



कौशाम्बी, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, उ0प्र0 के निर्देशन में जिला विज्ञान क्लब कौशाम्बी द्वारा वैज्ञानिक शोध प्रयोगशालाओं के भ्रमण व अध्ययन कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों का शैक्षिक भ्रमण भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (ट्रिपल आईटी) प्रयागराज में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। डायट मैदान मंझनपुर से जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश कुमार ने हरी झंडी दिखाकर बस को रवाना किया। इस भ्रमण में जनपद के 12 विद्यालयों के 114 छात्र-छात्राओं एवं 15 शिक्षकों ने सहभागिता की।

संस्थान में विद्यार्थियों को एडवांस भौतिकी प्रयोगशाला एवं रोबोटिक्स लैब का भ्रमण कराया गया। भौतिकी विभाग के प्रोफ़ेसर डॉ. अखिलेश तिवारी एवं रिसर्च स्कॉलर्स ने डाई-इलेक्ट्रिक कांस्टेंट, कैपेसिटेंस, स्प्रिंग कांस्टेंट, बरनौली सिद्धांत, प्रकाश के विवर्तन एवं व्यतिकरण, यंग्स डबल स्लिट प्रयोग, न्यूटन रिंग, परावर्तन-अपवर्तन, लीनियर एयर ट्रैक, विस्कोसिटी, पीएन जंक्शन, वेव कॉन्सेप्ट, मैग्नेटिक फ्लक्स, सेल्फ एवं म्यूचुअल इंडक्शन सहित सूचना प्रौद्योगिकी, इलेक्ट्रॉनिक्स व अन्य आधुनिक प्रयोगों को सरल तरीके से समझाया। रोबोटिक्स लैब में लैब इंचार्ज डॉ. सूर्य प्रकाश के नेतृत्व में विद्यार्थियों को रोबोट के कार्य करने की प्रक्रिया और संरचना से अवगत कराया गया। उन्हें बताया गया कि रोबोट मानव के निर्देशों के अनुसार कार्य करता है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रोफ़ेसर डॉ. अखिलेश तिवारी ने कहा कि विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच का विकास अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि केवल सैद्धांतिक ज्ञान ही नहीं बल्कि प्रयोगात्मक ज्ञान भी सफलता के लिए जरूरी है। उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि कठिन परिश्रम, ईमानदारी और नियमित अध्ययन से किसी भी पृष्ठभूमि का विद्यार्थी अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है। कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए जिला विज्ञान क्लब के समन्वयक वसीम अहमद ने बताया कि इस प्रकार के भ्रमण से विद्यार्थियों में वैज्ञानिक जिज्ञासा का विकास होता है तथा उन्हें वैज्ञानिकों एवं तकनीकी विशेषज्ञों के कार्यों से सीधे जुड़ने का अवसर मिलता है। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथि द्वारा प्रमाण पत्र वितरित किये गये।इस अवसर पर रिसर्च स्कॉलर राज कुमार, शाहरुख, विपिन, मोहित, संदीप, निधि, श्रेया, रोशनी, मोहन शुक्ला, बलवंत कुमार, राधे श्याम पाण्डेय, मोहम्मद हुसैन, आसमा सिद्दीकी, सत्य प्रकाश, प्रवीणा सिंह, जितेन्द्र चौरसिया, उमेश कुमार, देव प्रताप, शांति देवी व समीना जमील उपस्थित रहे।

# जब कामर्सियल सिलेंडर नही मिल रहे तो होटलों में कैसे चल रहे घरेलू

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

- गाँवों में मिल रही है ब्लैक में सिलेंडर प्रशासन मौन, गिरवा एजेंसी में है 17 हजार उपभोक्ता

बांदा। जहां घरेलू गैस सिलेंडर मिलने के लिए हर जगह किल्लत मची हुयी है तो ऐसे में होटल वालों को घरेलू गैस सिलेंडर कैसे मिल रहे है क्योंकि कमर्शियल सिलेंडर देने के लिए साफ़ साफ़ आदेश है की अभी ये सिलेंडर नही दिए जायेंगे। इसके बाद भी घरेलू सिलेंडर कैसे होटल वालों को मिल रहे हैं।

नरैनी तहसील के गिरवा में दादा ग्रामीण वितरक गैस एजेंसी है जहां पर कामर्सियल के 70 उपभोक्ता है वही घरेलू उपभोक्ता 17 हजार है और इअसे में किसी भी उपभोक्ता को आसानी से सिलेंडर नही मिल रहे हैं इसके बावजूद भी गाँवों और गिरवा नरैनी क्षेत्र में घरेलू सिलेंडरों का उपयोग किया जा रहा है तो अब ऐसे में कैसे इन लोगों को सिलेंडर मिल रहे हैं ᠆ वही एजेंसी संचालकों का कहना है की पहले एक माह में 10 बार हमें सिलेंडरों के ट्रक आ जाते थे लेकिन अब ये हैं की अगर हम आज आर्डर लगाते हैं तो हमें 5 वें दिन ही ट्रक आ पाते हैं जिसके चलते सिलेंडरों को मिल पाने में बहुत किल्लत का सामना करना पड़ रहा है लेकिन बात यह है की जब घरेलू सिलेंडरों के मिलाने को लेकर किल्लत है तो होटल वालों को ये सिलेंडर कैसे मिल जाते हैं ᠆ जबकी उपभोक्ताओं को सिलेंडरों को मिलाने में लम्बी लाइने लगानी पड़ती है और होटल संचालकों को इसके लिए कोई भी लाइन लगाने का कोई भी जरूरत नही पड़ती है ᠆ और होटल संचालक आराम से अपना व्यवसाय कर रहे हैं और उनको घरेलू सिलेंडर आराम से मिल रहे हैं ᠆ और परेशान हो रहा है तो केवल वो उपभोक्ता जो की अपने घरों में सिलेंडर चला रहे हैं ᠆ कुछ होटल वाले संचालक तो ऐसे हैं की अपने पड़ोसियों नसे सिलेंडर लेकर होटल चला रहे हैं जबकी जो भी सिलेंडर रखकर होटल चलाते हैं वो बांदा नरैनी राज्य मार्ग किनारे ही चलाते हैं जिनमे से बड़ोखर बुजुर्ग, पैगम्बरपुर, गिरवा, महुआ, खुरहंड, नरैनी जैसे स्थानों पर होटल चल रहा है। हमारे यहाँ से उपभोक्ता सिलेंडर ले जाता है अब वो किसको दे रहा है और किसको नही दे रहा है ये हमारी जिम्मेदारी नही है।

(आशीष कुमार संचालक दादा ग्रामीण गैस एजेंसी गिरवा)

## अज्ञात ट्रक की टक्कर से बाइक सवार अधेड़ की मौत

सफीपुर-उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के मुख्य मार्ग पर बाबा ढाबा के पास मंगलवार रात करीब 9 बजे अज्ञात ट्रक की टक्कर से बाइक सवार अधेड़ की मौत हो गई। हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। मऊ गांव निवासी राजू तिवारी (50) पुत्र बैजनाथ कस्बे की एक दुकान पर मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करते थे। मंगलवार रात वह बाइक से घर लौट रहे थे। इसी दौरान बाबा ढाबा के पास पीछे से आए अज्ञात ट्रक ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उन्हें एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) सफीपुर पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक अपने पीछे पत्नी सरिता, बेटी निकिता और पुत्र शिवम को छोड़ गए हैं।

# सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सजा वार्षिकोत्सव, मेधावी छात्र हुए सम्मानित

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



पुरवा-उन्नाव। शैक्षणिक उन्नयन संगोष्ठी व वार्षिकोत्सव समारोह सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ सम्पन्न हुआ जिसमें उपजिलाधिकारी ने उत्कृष्ट छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया। साथ ही बच्चों द्वारा बनाई गए विज्ञान माडल, मीना मंच व हस्तनिर्मित उपकरणों की प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया।

विकास खण्ड हिलौली के परिषदीय उच्च प्राथमिक विद्यालय भवानीगंज कंपोजिट में बुधवार को वार्षिकोत्सव व शैक्षणिक उन्नयन संगोष्ठी में छात्र-छात्राओं ने अद्भुत प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी पुरवा प्रमेश श्रीवास्तव व विशिष्ट अतिथि नायब तहसीलदार पुरवा नीरज चतुर्वेदी ने मां सरस्वती जी की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। छात्रों ने सरस्वती वंदना एवं गणेश वंदना से लेकर बालिकाओं व महिलाओं की आत्मरक्षा, नवरात्रि के अवसर पर मां दुर्गा झांकी, बालिका शिक्षा, हम वक्त बदल देंगे, आरंभ है प्रचण्ड जैसी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित जनसमूह की खूब वाहवाही लूटी। आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा में उत्तीर्ण छात्रों अनुराग, प्रतिमा, जयप्रकाश, महेक, हर्षित तथा इंस्पायर एवार्ड के छात्र अविरल व श्रुतलेख में जनपद में प्रथम स्थान पाने वाले छात्र रुद्र को एसडीएम व नायब तहसीलदार ने प्रतीक चिन्ह देकर पुरस्कृत किया। इसके अलावा प्रत्येक कक्षा के सर्वश्रेष्ठ तीन-तीन छात्रों व एलबीडी में भूमिका निभाने वाले छात्रों को भी पुरस्कृत किया गया। विद्यालय परिवार ने आए हुए सभी गणमान्यों को अंगवस्त्र व प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। एसडीएम प्रमेश श्रीवास्तव ने कहा कि शिक्षा के द्वारा ही स्वयं व देश का विकास किया जा सकता है। उन्होंने छात्रों से कहा कि आप सभी बच्चे अपने शिक्षकों के निर्देशों पर अमल करें। उन्होंने विद्यालय परिवार की सराहना की। कार्यक्रम का सफल संचालन प्राथमिक शिक्षक संघ के तहसील प्रभारी व गणित शिवम चौरसिया ने किया। प्रधान शिक्षक कमलेश कुमार ने सभी का आभार जताया। इस दौरान एआरपी विनोद कुमार, सरल कुमार, प्रदीप मिश्रा, हर्षेन्द्र सिंह सेंगर, हरीराम यादव, एडवोकेट रत्नम चौरसिया, पथिक पाण्डेय, ऊषा यादव, वंदना शर्मा, पल्लवी मिश्रा, सतीश कुमार, प्रदीप कुमार, सुदीप मिश्रा, रचना दीक्षित, माया देवी, ममता, राजश्री, सलमा अर्चना, संगीता, पुनीत गुप्ता समेत कई अभिभावक व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# मां कालरात्रि के दर्शन को उमड़ी भीड़, मंदिरों में गूंजे जयकारे

- भोर से लगी लंबी कतारें, श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से की पूजा-अर्चना

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



शुक्लागंज, उन्नाव। नवरात्रि के पावन अवसर पर बुधवार को सातवें दिन मां कालरात्रि की पूजा-अर्चना पूरे विधि-विधान के साथ की गई। शुक्लागंज के गांधी नगर स्थित प्रसिद्ध काली मंदिर और राजधानी मार्ग स्थित दुर्गा मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। देवी भक्तों ने कतारबद्ध होकर आदि शक्ति के दर्शन किए और सुख-समृद्धि की कामना की। गांधी नगर काली मंदिर में सुबह ब्रह्म मुहूर्त में मंदिर के पुजारी द्वारा मां कालरात्रि का भव्य और अलौकिक श्रृंगार किया गया। माता के दर्शनों के लिए श्रद्धालु हाथों में नारियल, लाल चुनरी, धूप-दीप और नैवेद्य से सजी पूजा की थाल लेकर मंदिर खुलने का बेसब्री से इंतजार करते रहे। जैसे ही मंदिर के पट खोले गए, भक्तों में जयकारों के बीच दर्शन करने की होड़ मच गई। श्रद्धालुओं ने माता रानी की आरती उतारी और पुष्प अर्पित कर आशीर्वाद लिया।

## इविवि: वाद-विवाद स्पर्धा में विश्वास नारायण तिवारी प्रथम

प्रयागराज। इलाहाबाद विश्वविद्यालय के विधि संकाय में बी.ए.एल.एल.बी. (ऑनर्स) पंचवर्षीय पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों के मध्य बुधवार को वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसका विषय ''क्या मतदाता सूचियों का विशेष गहन संशोधन (एसआईआर) स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों को सुनिश्चित करने की दिशा में एक प्रगतिशील कदम है या मतदान के अधिकार से समझौता करने वाला एक मनमाना अभ्यास?'' था। यह जानकारी इविवि की पीआरओ प्रो जया कपूर ने देते हुए बताया कि अंग्रेजी और आधुनिक यूरोपीय भाषा विभाग की प्रो. प्रतिमा चैतन्य और रंगमंच एवं फिल्म केंद्र के डॉ. अनिर्बान कुमार ने निर्णायक की भूमिका निभाई। इसमें प्रारम्भिक दौर से चयनित 12 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कुल 04 विजेता घोषित किये गये। विश्वास नारायण तिवारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, कृति निषाद और विष्णु मिश्र ने संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान और मुस्कान त्रिपाठी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# चित्रकला कार्यशाला एवं प्रदर्शनी से विकसित होती हैं नई संभावनाएं : सुधीर एस. सोलंकी

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



कानपुर। ऐसे कला मनीषियों (विद्वान) की उपस्थिति से न केवल संस्थान बल्कि यहाँ अध्ययनरत विद्यार्थी भी गौरवान्वित होते हैं। छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ फाइन आर्ट्स में आयोजित तीन दिवसीय चित्रकला कार्यशाला एवं प्रदर्शनी के समापन अवसर पर निदेशक डॉ. मिठाई लाल ने यह बातें सोमवार को कहीं।

23 से 25 मार्च तक आयोजित इस कार्यक्रम ने कला, सृजनशीलता और शैक्षिक आदान-प्रदान को एक सशक्त मंच प्रदान किया। देश के विभिन्न हिस्सों से आए कलाकारों और विद्यार्थियों ने इसमें उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक के निर्देशन पर प्रतिकुलपति प्रो. सुधीर कुमार अवस्थी के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। इस दौरान इंस्टीट्यूट ऑफ फाइन आर्ट्स और नमस्ते इंडिया अंतर्राष्ट्रीय कलाकार संघ के बीच विद्यार्थियों के इंटर्नशिप हेतु समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए।

कार्यक्रम में केरल की स्वतंत्र कलाकार मिनी सुबोध सहित इंद्रा चंद्रशेखर, वैशाली मोरे और स्मिता भामरे की उपस्थिति रही। कलाकारों ने विभिन्न माध्यमों के जरिए चित्रकला की बारीकियां साझा कीं, जिससे विद्यार्थियों को व्यावहारिक प्रशिक्षण मिला। आयोजक सुधीर एस. सोलंकी ने बताया कि संस्था देशभर में ऐसे आयोजन करती रहती है, जिससे कला के क्षेत्र में नई संभावनाएं विकसित होती हैं। समापन समारोह में प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र दिए गए और अतिथि कलाकारों को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया।

# संक्षिप्त समाचार

## आत्महत्या की नीयत से 22 वर्षीय युवती ने मेट्रो ट्रैक पर लगाई छलांग, अस्पताल में भर्ती

नोएडा। थाना फ़ेस- वन क्षेत्र के सेक्टर 16 मेट्रो स्टेशन पर एक 22 वर्षीय युवती बुधवार शाम 04 बजे के करीब मेट्रो ट्रैक पर कूद गई। गनीमत यह रही की उस समय वहां से कोई ट्रेन नहीं गुजर रही थी। उसके शरीर और सिर में चोट लगी है। उपचार के लिए उसे नोएडा के कैलाश अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। इस घटना के चलते मेट्रो संचालन कुछ देर के लिए बाधित रहा। थाना फ़ेस- 1 के प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार मान ने बताया कि संस्कृति पुत्री राजेश उम्र 22 वर्ष निवासी न्यू कुंडली दिल्ली आज मेट्रो ट्रेन पकड़ने के लिए 16 सेक्टर के मेट्रो स्टेशन पर पहुंची। वह मेट्रो स्टेशन पर खड़ी थी। अचानक उसने आत्महत्या की नीयत से मेट्रो ट्रैक पर छलांग लगा दिया। उस समय कोई ट्रेन वहां से नहीं गुजर रही थी। मेट्रो रेल की पटरी से टकराने के चलते उसके सिर और शरीर के अन्य जगहों पर गंभीर चोट लगी है। उसे तत्काल उपचार के लिए नोएडा के सेक्टर 27 स्थित कैलाश अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। उन्होंने बताया कि युवती की परिजन मौके पर आ गए हैं। उनसे पूछताछ की जा रही है।

## काम करते समय श्रमिक फैक्ट्री से नीचे गिरा, मौत

नोएडा। थाना सूरजपुर क्षेत्र मे स्थित एक कंपनी में काम करते समय 37 वर्षीय व्यक्ति पहली मंजिल से नीचे गिर गए। इस घटना में उन्हें गंभीर चोट लगी। उनको उपचार के लिए नोएडा के कैलाश अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां पर डॉक्टरों ने उनको मृत घोषित कर दिया। थाना सूरजपुर के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के साइड -सी स्थित एक कंपनी में रजनीश उम्र 37 वर्ष पुत्र नाथू सिंह मूल निवासी जनपद हरदोई बुधवार को काम कर रहे थे। काम करते समय वह पहली मंजिल से नीचे गिर गए। इस घटना में गंभीर चोट लगी। उनको उपचार के लिए नोएडा के कैलाश अस्पताल में भर्ती करवाया गया। उपचार के दौरान उसकी बुधवार शाम को मौत हो गई। उन्होंने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## कुश्ती संघ के अध्यक्ष ने विंध्य दरबार में नवाया शीश, मांगा आशीष

मीरजापुर। चैत्र नवरात्र के पावन अवसर पर मां विंध्यवासिनी धाम में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। भारतीय कुश्ती संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय बबलू ने बुधवार को धाम पहुंचकर विधि-विधान से मां विंध्यवासिनी के दर्शन-पूजन किए और देश-प्रदेश की सुख-समृद्धि व उन्नति की कामना की। मंदिर परिसर में पहुंचते ही उनका पारंपरिक रूप से स्वागत किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधिवत पूजा-अर्चना संपन्न कराई गई। इस दौरान उनके साथ पं. दिवाकर मिश्र एवं अजीत कुमार भी उपस्थित रहे, जिन्होंने पूजा-विधि में सहभागिता निभाई। नवरात्र के चलते धाम में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी हुई है। दूर-दराज से आए भक्तों की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। मंदिर परिसर में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रही और दर्शन की सुचारु व्यवस्था बनाए रखने के लिए विशेष प्रबंध किए गए।

## बहन के प्रेमी को अगवा कर हत्या करने वाले दो भाइयों को आजीवन कारावास

नोएडा। जनपद गौतम बुद्ध नगर के न्यायालय ने हत्या के मामले में आरोपितों को दोषी मानते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। उसके ऊपर अर्थदण्ड भी लगाया गया है। जनपद गौतम बुद्ध नगर के शासकीय अधिवक्ता ब्रह्मजीत भाटी ने बताया कि थाना ईकोटेक- तीन क्षेत्र में रहने वाले अतुल नामक एक युवक को वर्ष 2022 में दो भाइयों ने अगवा कर उसकी हत्या कर दी थी। उन्होंने बताया कि मृतक आरोपियों की बहन से प्रेम करता था। आरोपित इससे खुश नहीं थे।

# जौनपुर महोत्सव में नन्हे कलाकारों की प्रतिभा से सजा शाही किला, निपुण विद्यालयों को मिला सम्मान

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



जौनपुर। उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले में जिला प्रशासन ने ऐतिहासिक शाही किले में आयोजित जौनपुर महोत्सव के दूसरे दिन बुधवार को बेसिक शिक्षा विभाग की प्रस्तुतियों ने पूरे आयोजन को जीवंत और यादगार बना दिया। परिषदीय विद्यालयों के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने गीत, नाटक, एकांकी, लोकगीत और मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। बच्चों की मासूम अभिव्यक्ति और आत्मविश्वास से भरी प्रस्तुतियों ने खूब तालियां बटोरीं।

मुख्य अतिथि करंजाकला ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि सुनील कुमार यादव ने दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने बच्चों की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे मंच ग्रामीण प्रतिभाओं को निखारने का सशक्त माध्यम हैं।

इस अवसर पर जनपद के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले निपुण विद्यालयों को जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी के हस्ताक्षरयुक्त ल्लनिपुण विद्यालय पुरस्कारङ्क प्रदान कर सम्मानित किया गया। पुरस्कार पाकर विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाओं और विद्यार्थियों में खासा उत्साह देखने को मिला।

महोत्सव में शिक्षकों ने कक्षा-कक्ष में उपयोग किए जा रहे टीएलएम (शिक्षण-अधिगम सामग्री) की आकर्षक प्रदर्शनी भी लगाई गई। प्रदर्शनी में शिक्षण को सरल और रोचक बनाने के लिए तैयार किए गए विभिन्न नवाचारों ने सभी का ध्यान खींचा। मुख्य अतिथि ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर शिक्षकों के नवाचारों की सराहना की और उन्हें इसी तरह समर्पण के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में परिषदीय विद्यालयों के साथ-साथ कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय करंजाकला, धर्मापुर एवं डोभी के छात्र-छात्राओं ने भी रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. गोरखनाथ पटेल ने सभी शिक्षकों, शिक्षिकाओं, बच्चों, एसआरजी एवं एआरपी को बधाई देते हुए कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में इस तरह की गतिविधियां बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने भविष्य में भी इसी प्रकार सहयोग और समर्पण बनाए रखने की अपेक्षा जताई।

# वैश्विक सहयोग से नेत्र देखभाल को नई दिशा मिलेगी : डॉ. शरद बाजपेई

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

कानपुर। आधुनिक नेत्र विज्ञान और ऑप्टोमेट्री की भूमिका लगातार बढ़ रही है, जिसमें वैश्विक सहयोग अत्यंत आवश्यक है। रोगी-केंद्रित सेवाएं, नई तकनीकों का उपयोग और व्यावसायिक नैतिकता इस क्षेत्र को नई दिशा दे सकते हैं। नेत्र स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाकर हम समाज को बेहतर दृष्टि और जीवन गुणवत्ता प्रदान कर सकते हैं। विद्यार्थियों को चाहिए कि वे इस क्षेत्र में नवाचार और सेवा भाव के साथ आगे बढ़ें। यह बातें बुधवार को कनिका हॉस्पिटल प्रा. लि. के नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. शरद बाजपेई ने कहीं।

छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर के स्कूल ऑफ हेल्थ साइंसेज़ द्वारा बुधवार को विश्व ऑप्टोमेट्री सप्ताह 2026 के अवसर पर एक ज्ञानवर्धक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। इस वर्ष का वैश्विक विषय ल्लए सेयर्ड वीजनः कोलैबोरेशन इन ग्लोबल आई केयरङ्क रहा, जिसका उद्देश्य नेत्र देखभाल के क्षेत्र में वैश्विक सहयोग को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में प्रति कुलपति प्रो. सुधीर कुमार अवस्थी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए नेत्र स्वास्थ्य के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने पोस्टर प्रस्तुतीकरण, क्विज, रंगोली, रील और मॉडल प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम ने नेत्र स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ ही विद्यार्थियों को इस क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

# रफ्तार का कहर: बेकाबू गन्ना ट्रक ने मां-बेटी की ली जान

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



धौरहरा खीरी। बुधवार जनपद में एक हृदयविदारक सड़क हादसे ने पूरे क्षेत्र को गमगीन कर दिया। ढखेरवा-धौरहरा मार्ग स्थित चम्मू चौराहे के पास तेज रफ्तार और ओवरलोड गन्ना लदे ट्रक ने स्कूटी सवार मां-बेटी को अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। इस दर्दनाक घटना से जहां परिजनों में कोहराम मच गया, वहीं पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पढुआ थाना क्षेत्र के ग्राम बुद्धापुरवा निवासी रविकास लोधी की पत्नी भोला देवी (45) अपनी पुत्री शिवानी (18) के साथ बैंक के कार्य से ढखेरवा आई थीं। दोपहर करीब एक बजे दोनों मां-बेटी स्कूटी से अपने घर वापस लौट रही थीं। जैसे ही वे चम्मू चौराहे के पास पहुंचीं, पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार और ओवरलोड गन्ना ट्रक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक ट्रक की रफ्तार काफी तेज थी और चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा, जिसके चलते यह दर्दनाक हादसा हो गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मां-बेटी को संभलने का कोई मौका नहीं मिला और दोनों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भारी भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। घटना को अंजाम देने के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया।

पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए क्षेत्र में घेराबंदी की और ट्रक को रमियाबेहड़ के पास लावारिस हालत में बरामद कर लिया। बताया जा रहा है कि उक्त ट्रक बेलवापुरवा क्रय केंद्र से गन्ना लादकर ऐरा खमरिया चीनी मिल की ओर जा रहा था। घटना की सूचना मिलते ही पढुआ थाना प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुमार शर्मा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अधिकारियों का कहना है कि ट्रक को सीज कर दिया गया है तथा फरार चालक की तलाश के लिए टीमें गठित कर दी गई हैं। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। उधर, जैसे ही यह दुखद समाचार बुद्धापुरवा गांव पहुंचा, वहां मातम पसर गया। एक ही परिवार की दो महिलाओं की एक साथ मौत की खबर सुनते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। ग्रामीणों की आंखें नम हो गईं और पूरे गांव में शोक का माहौल बन गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और हर कोई इस हादसे से स्तब्ध नजर आ रहा है इस दर्दनाक हादसे ने एक बार फिर तेज रफ्तार और ओवरलोड वाहनों की समस्या को उजागर कर दिया है। क्षेत्रीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि ऐसे वाहनों पर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो सके।

## सिंगाही थाने के दरोगा पर रिश्वत का आरोप वीडियो वायरल होने से मचा हड़कंप

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



सिंगाही खीरी। थाना सिंगाही में तैनात दरोगा मोहित पर रिश्वत मांगने और पीड़ित परिवार को धमकाने के गंभीर आरोप सामने आए हैं। धारा हटाने के नाम पर ?6,000 लेने का कथित वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मामला तूल पकड़ गया है। घटना से क्षेत्र में आक्रोश व्याप्त है और ग्रामीणों ने निष्पक्ष जांच के साथ कड़ी कार्रवाई की मांग उठाई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पीड़ित किसान ने बताया कि 8 मार्च को उसके खेत में कुछ दबंग किस्म के लोग बकरियां चरा रहे थे। विरोध करने पर उसका नाबालिग बेटा बकरियों को भगाने गया, तभी एक बकरी खेत के किनारे लगे तार में फंसकर मर गई। आरोप है कि इसी बात को लेकर दबंगों ने बच्चे की बेरहमी से पिटाई कर दी, जिससे उसके शरीर पर गंभीर चोटें आईं। पीड़ित ने उसी दिन थाना सिंगाही में तहरीर दी। 9 मार्च को पुलिस ने मुकदमा तो दर्ज कर लिया, लेकिन हैरानी की बात यह रही कि पुलिस ने पीड़ित के नाबालिग बेटे और आरोपी पक्ष—दोनों पर समान धाराओं में मामला दर्ज कर दिया। इससे आहत पीड़ित परिवार ने न्याय न मिलने की बात कही। आरोप है कि मामले की विवेचना कर रहे दरोगा मोहित पीड़ित के घर पहुंचे और एफआईआर से धाराएं हटाने के नाम पर ?6,000 की मांग की। पीड़ित का दावा है कि उसने मजबूरी में रकम दे दी और इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो भी बनवाया। बाद में उसने यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर उच्चाधिकारियों से शिकायत की।

इतना ही नहीं, शिकायत के बाद दरोगा दोबारा पीड़ित के घर पहुंचा और उस पर दबाव बनाने लगा कि वह लिखित में दे कि कोई पैसा नहीं लिया गया। इस कथित दबाव की बातचीत का ऑडियो,वीडियो भी वायरल बताया जा रहा है। परिजनों के मुताबिक, इस दबाव से घबराकर पीड़ित घर छोड़कर चला गया और रात भर वापस नहीं लौटा। घटना के बाद क्षेत्र में लोगों में भारी रोष देखा जा रहा है। ग्रामीणों ने मांग की है कि वायरल वीडियो की फोरेंसिक जांच कराई जाए और यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो संबंधित पुलिसकर्मी के खिलाफ सख्त विभागीय कार्रवाई की जाए। हालांकि, इस पूरे मामले में अभी तक पुलिस के उच्चाधिकारियों की ओर से कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। वहीं, स्थानीय लोग अब इस मामले में जल्द न्याय और निष्पक्ष कार्रवाई की उम्मीद लगाए हुए हैं।

## भव्य समारोह में हुआ एस.आर. पब्लिक स्कूल का शुभारम्भ, शिक्षा के नए अध्याय की शुरुआत



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

गोला गोकर्णनाथ खीरी। नगर के नया बाईपास रोड स्थित एस.आर. पब्लिक स्कूल का शुभारम्भ बड़े ही भव्य एवं गरिमामय समारोह के बीच संपन्न हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद की पूर्व अध्यक्ष मीनाक्षी अग्रवाल ने मां सरस्वती के चित्र पर विधिवत पूजन-अर्चन कर फीता काटकर विद्यालय का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि मीनाक्षी अग्रवाल ने भगवान भोलेनाथ से विद्यालय के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि शिक्षा ही वह आधार है, जो बच्चों के भविष्य को संवारने के साथ समाज और राष्ट्र के निर्माण में अहम भूमिका निभाती है। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह संस्थान क्षेत्र के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने में महत्वपूर्ण योगदान देगा। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में राजेश गिरि (प्रधान), धर्मेंद्र गिरि 'मोंटी', शैलेंद्र सक्सेना, डी0पी0 श्रीवास्तव, पटेल सुशील वर्मा, अनुज खरे, आनंद वर्मा, रामसागर वर्मा, महेंद्र वर्मा, राजेश वर्मा एवं शैलेंद्र वर्मा सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोज वर्मा ने मुख्य अतिथि सहित सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस दौरान पूर्व पालिका अध्यक्ष के साथ अरविंद पांडे, महेंद्र वर्मा, विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में अभिभावक बंधु मौजूद रहे। समारोह का माहौल उत्साह और उमंग से भरा रहा, जिसमें क्षेत्र के लोगों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की।

## गोला पुलिस की कार्रवाई: तीन वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, न्यायालय भेजे गए

गोला गोकर्णनाथ खीरी। जनपद में अपराध नियंत्रण और वांछित अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत गोला पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता मिली है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में कोतवाली गोला पुलिस ने विभिन्न मामलों में फरार चल रहे तीन वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया। कोतवाली गोला के प्रभारी निरीक्षक अंबर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस टीम ने वारंटी अभियुक्त रफीट पुत्र नसीमुल्ला (28 वर्ष), निवासी ग्राम भुड़वारा को धारा 3/5/8 गोवध अधिनियम के तहत उसके घर से गिरफ्तार किया। वहीं दूसरे अभियुक्त सुनील कुमार पुत्र फूलचंद्र (36 वर्ष), निवासी मोहल्ला पश्चिमी डिप्टना, गोला को धारा 128 के तहत हिरासत में लिया गया। इसी क्रम में तीसरे वांछित अभियुक्त जितेंद्र कुमार वर्मा पुत्र सतीश वर्मा, निवासी मोहल्ला पूर्वी दास्तान, गोला को धारा 138 एनआई एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया। तीनों अभियुक्तों को आवश्यक विधिक प्रक्रिया पूर्ण कर न्यायालय भेज दिया गया है।

सीरियल किलर डॉक्टर

## तीन पत्नियों की 'रहस्यमयी' मौत के बाद चौथी को इंजेक्शन से मारा, मासूमों ने खोला राज

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क





धौरहरा खीरी। बहराइच के सीमावर्ती इलाके में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहाँ एक झोलाछाप डॉक्टर ने कथित तौर पर अपनी चौथी पत्नी की जहरीला इंजेक्शन देकर हत्या कर दी। आरोपी की पहचान अकरम सिद्दीकी के रूप में हुई है, जो जमुनहा बाजार का निवासी बताया जा रहा है। पुलिस की शुरुआती जांच, ग्रामीणों और मृतका के मायके पक्ष के अनुसार आरोपी पहले भी अपनी तीन पत्नियों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के मामले में घिर चुका है, लेकिन हर बार कानूनी दांव-पेच और अपने पेशे की आड़ में बच निकलता रहा। ग्रामीणों और परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार, आरोपी का वैवाहिक जीवन बेहद संदिग्ध रहा है। उसकी पहली पत्नी चंदा की मौत भी रहस्यमयी परिस्थितियों में हुई थी। इसके बाद दूसरी पत्नी चांदनी, जो जमुनहा बाजार क्षेत्र की ही रहने वाली थी, उसकी भी संदिग्ध हालात में मौत हो गई। तीसरी पत्नी, जो इमामगंज नानपारा क्षेत्र की निवासी बताई जाती है, उसकी मौत को लेकर भी कई सवाल उठे थे।

आरोप है कि आरोपी अपने झोलाछाप डॉक्टर होने का फायदा उठाकर पत्नियों को ऐसी मौत देता था, जिसे सामान्य तौर पर प्राकृतिक मृत्यु मान लिया जाता था।

करीब ढाई साल पहले अकरम ने इमाम अली की पुत्री यास्मीन (27) से शादी की थी। बताया जा रहा है कि दो दिन पहले ही वह उसे मायके से विदा कराकर अपने घर लाया था। आरोप है कि घर पहुंचने के बाद उसने यास्मीन को जहरीला इंजेक्शन लगा दिया, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। इस बार आरोपी की करतूत का खुलासा उसके ही घर के मासूम बच्चों ने किया। पिछली पत्नियों के बच्चों ने हिम्मत दिखाते हुए यास्मीन के मायके वालों को फोन कर सूचना दी कि उनकी नई माँ की जान खतरे में है। परिजन तुरंत मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक यास्मीन की हालत गंभीर हो चुकी थी। उसे तत्काल ओयल जिला अस्पताल ले जाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम के बाद जैसे ही यास्मीन का शव धौरहरा के वीर अब्दुल हमीद नगर पहुंचा, पूरे इलाके में कोहराम मच गया। परिजनों में आक्रोश व्याप्त है और उन्होंने आरोपी अकरम सिद्दीकी व उसके पिता नूर मोहम्मद के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। मृतका के परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी अकरम सिद्दीकी को हिरासत में ले लिया है। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है और यह भी खंगाला जा रहा है कि क्या पूर्व में हुई तीनों पत्नियों की मौत में भी इसी तरह के जहरीले इंजेक्शन का इस्तेमाल किया गया था पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## आदि विश्वेश्वर वार्ड में मरकजी दारुल उलूम भवन कुर्क, नीलामी की चेतावनी

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

वाराणसी। उत्तर प्रदेश के वाराणसी नगर निगम ने संपत्ति कर के बड़े बकाएदारों के खिलाफ अब अपना शिकंजा कस दिया है। नगर निगम प्रशासन ने कोतवाली जोन के आदि विश्वेश्वर (कुंडी नगर टोला) स्थित भवन संख्या सी.के. 39/24-25 को कुर्क कर दिया है। वहीं, पांच दिनों में अवशेष 20,26,237 रुपये का भुगतान न करने पर उप्र नगर निगम अधिनियम की धारा 513 एवं 514 के तहत भवन नीलामी करने की चेतावनी भी दी है। इस भवन का स्वामित्व मरकजी दारुल उलूम वगैरह के पास है।

बुधवार को यह जानकारी सहायक नगर आयुक्त व जोनल अधिकारी (कोतवाली जोन) ने दी। उन्होंने बताया कि आदि विश्वेश्वर स्थित भवन संख्या सीके 39/24-25 पर कुल 24,16,237 रुपये की धनराशि बकाया थी। निगम द्वारा पूर्व में जारी अधिग्रहण वारंट के अनुपालन में अब तक महज 3,90,000 रुपये ही वसूल किए गए हैं । बार-बार नोटिस दिए जाने और संपर्क किए जाने के बावजूद भवन स्वामियों ने शेष 20,26,237 रुपये का भुगतान नहीं किया गया। नगर निगम ने भवन स्वामी के हठधर्मिता को देखते हुए कुर्की की कार्रवाई की है। कुर्की अवधि के दौरान उक्त संपत्ति का हस्तांतरण, विक्रय, गिरवी रखना या किसी भी प्रकार का बाध्यकारी अनुबंध करना पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। उन्होंने भवन स्वामी को अंतिम चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि अगले पांच दिनों के भीतर संपूर्ण बकाया राशि कार्यालय में जमा नहीं की गई, तो अधिनियम की धारा 513 एवं 514 के तहत संपत्ति की सार्वजनिक नीलामी की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। यही नहीं राजस्व निरीक्षक आलोक भट्टाचार्य को इस वारंट के निष्पादन की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## आयुष विश्वविद्यालय के निर्माण कार्यों में देरी पर मंडलायुक्त सख्त

गोरखपुर। गोरखपुर के मंडलायुक्त अनिल ढींगरा ने जिलाधिकारी दीपक मीणा के साथ महायोगी गुरु गोरक्षनाथ आयुष विश्वविद्यालय, भटहट का बुधवार को स्थलीय निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान निर्माणाधीन ऑडिटोरियम का कार्य केवल 60 प्रतिशत ही पूरा पाया गया, जिस पर मंडलायुक्त ने कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने कार्यदायी संस्था मेसर्स विजय निर्माण कंपनी को फटकार लगाते हुए निर्देश दिया कि बार-बार समय सीमा बढ़ाने की प्रवृत्ति बंद करते हुए ऑडिटोरियम का कार्य शीघ्र और गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा किया जाए। इसके बाद पंचकर्म कियोस्क सहित अन्य अपूर्ण कार्यों का भी निरीक्षण किया गया। समीक्षा बैठक में कुलपति प्रो. के. रामचंद्रा रेड्डी ने जलापूर्ति, विद्युत व्यवस्था, बॉयज और गर्ल्स हॉस्टल, लिफ्ट, पाथ-वे के पास नालियों पर कवर, मलबा हटाने, एडमिन बिल्डिंग की मरम्मत, मार्चरी और गेस्ट हाउस के अधूरे कार्यों की ओर ध्यान आकर्षित कराया।

## भगत सिंह शहादत दिवस पर भाकपा (माले) कार्यकर्ताओं ने दी श्रद्धांजलि, संकल्प सभा आयोजित

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



गोला गोकर्णनाथ खीरी। तहसील गोला के ब्लॉक बांकेगंज अंतर्गत ग्राम पंचायत पुनर्भू ग्रांट में भाकपा (माले) के कार्यकर्ताओं द्वारा शहीद दिवस के अवसर पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को याद करते हुए उनके चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए गए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाकपा (माले) जिला कमेटी सदस्य एवं खेत एवं ग्रामीण मजदूर सभा के नेता कामरेड विनोद भारती ने कहा कि इन महान क्रांतिकारियों की शहादत को 95 वर्ष बीत चुके हैं, लेकिन उनके विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में देश के हालात चिंताजनक हैं, जहां बेरोजगारी, महंगाई और सामाजिक असमानताएं बढ़ रही हैं, जिससे नौजवानों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। सभा में मौजूद वक्ताओं ने शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य और सामाजिक न्याय जैसे मुद्दों को उठाते हुए कहा कि आम जनता को अपने अधिकारों के लिए संगठित होना होगा। कार्यक्रम के दौरान ल्लइंकलाब जिंदाबादङ्क, ल्लसाम्राज्यवाद मुर्दाबादङ्क और ल्लसांप्रदायिक फासीवाद हो बर्बादङ्क जैसे नारों के साथ क्रांतिकारियों के सपनों का भारत बनाने का संकल्प लिया गया। सभा को संबोधित करते हुए वरिष्ठ कामरेड फागु ने कहा कि भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु ने हंसते-हंसते देश के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए। उनके सपनों का भारत बनाना आज के युवाओं की जिम्मेदारी है इस अवसर पर मुख्य रूप से कामरेड अमित कुमार शर्मा, मुस्ताक अली, जसकरण लाल गौतम, रामकुमार, कलावती, उषा देवी, मधु रानी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन क्रांतिकारी नारों और संकल्प के साथ हुआ।

# संक्षिप्त समाचार

### मारपीट में महिला गंभीर रूप से घायल, सीएचसी से ट्रामा सेंटर रेफर

गोला गोकर्णनाथ खीरी। थाना हैदराबाद क्षेत्र में आपसी कहासुनी के बाद हुई मारपीट में एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल महिला को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) गोला ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया जानकारी के अनुसार बुधवार सुबह करीब 8 बजे थाना हैदराबाद क्षेत्र के गांव जमुन की निवासी शानू देवी पत्नी पप्पू वर्मा का गांव के ही शिवम वर्मा उर्फ चीकू व सत्यम वर्मा पुत्र रामनरेश से मामूली बात को लेकर विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपियों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिससे शानू देवी गंभीर रूप से घायल हो गईं। हमले में महिला के हाथ में गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद परिजनों ने थाना हैदराबाद में तहरीर दी, जिसके बाद पुलिस ने घायल महिला को मेडिकल परीक्षण के लिए सीएचसी गोला भेजा। वहां चिकित्सकों ने एक्स-रे के लिए ट्रामा सेंटर ओयल रेफर कर दिया कार्यवाहक थाना प्रभारी एसआई संत पाल सिंह राठौर ने बताया कि मेडिकल रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। वहीं घटना के बाद क्षेत्र में तनाव का माहौल बना हुआ है।

### बलिया को लगातार चौथी बार मिला बेस्ट सनबीम स्कूल ऑफ द ईयर का खिताब

बलिया। बलिया के सनबीम स्कूल ने वाराणसी में डीएचके एडुसर्व द्वारा आयोजित एप्रिसिएशन कॉन्क्लेव 2026 में अपना परचम लहराया है। इस कॉन्क्लेव में उत्तर प्रदेश के कई अन्य जिलों में संचालित सनबीम स्कूलों में यह लगातार चौथी बार अग्रणी रहा। विद्यालय प्रबंधन तथा विद्यालय के शिक्षकों द्वारा किए जा रहे परिश्रम का यह परिणाम है कि यहां के छात्र प्रतियोगिताओं में अव्वल रहते हैं। विदित हो कि वाराणसी स्थित सनबीम ग्रुप अपने द्वारा संचालित समस्त सनबीम स्कूलों द्वारा किए जा रहे शैक्षिक कार्यों की प्रतिपुष्टि के लिए प्रतिवर्ष प्रशंसा संगम समारोह का आयोजन करता है। इसमें प्रति वर्ष बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले विद्यालयों का चयन सनबीम ग्रुप की विशिष्ट कमेटी क्वालिटी एश्योरेंस रिसर्च एवं डेवलपमेंट के सदस्यों द्वारा समस्त संबद्ध स्कूलों के वर्ष भर किए गए शैक्षिक गतिविधियों का मूल्यांकन किया जाता है। उनकी योग्यता के आधार पर उन्हें पुरस्कार हेतु नामित किया जाता है। इस वर्ष भी वाराणसी ग्रुप के समस्त 17 संबद्ध स्कूलों के पदाधिकारियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई थी। इस सम्मान समारोह में सनबीम बलिया ने अपनी सर्वोत्कृष्ट योग्यता के आधार पर लगातार चौथी बार बेस्ट सनबीम स्कूल ऑफ द ईयर का पुरस्कार प्राप्त कर एक अनोखा रिकॉर्ड बनाया है।

### बरेली में जुलाई से शुरू होगी खाद्य एवं औषधि जांच लैब, 50 सीसीटीवी कैमरों से परिसर लैस

बरेली। उत्तर प्रदेश के जनपद बरेली के सीबीगंज क्षेत्र के नंदौसी में बन रही खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) की अत्याधुनिक प्रयोगशाला जुलाई माह से संचालित होगी। इसके शुरू होने के बाद खाद्य पदार्थों और औषधियों के नमूनों की जांच के लिए बाहर भेजने की जरूरत काफी हद तक खत्म हो जाएगी। बरेली मंडल के सहायक आयुक्त (खाद्य) संदीप कुमार चौरसिया ने बताया कि प्रयोगशाला भवन का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। अगले एक महीने में फर्नीचर और अन्य जरूरी व्यवस्थाएं पूरी कर ली जाएंगी। साथ ही, मुख्य मार्ग से प्रयोगशाला को जोड़ने वाली सड़क का निर्माण भी लगभग पूरा हो चुका है, जिससे आने-जाने में सुविधा रहेगी। उन्होंने बताया कि प्रयोगशाला को आधुनिक सुरक्षा व्यवस्था से लैस किया जा रहा है। पूरे परिसर में करीब 50 सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे, जिससे हर गतिविधि पर नजर रखी जा सके। इसके लिए शासन स्तर से बजट भी स्वीकृत हो चुका है और अगले दस दिनों में कैमरे लगाने का काम पूरा कर लिया जाएगा।

## सिद्ध बाबा मंदिर के पास तेज रफ्तार वाहन की टक्कर, युवक की मौत, साथी गंभीर

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



सिंगाही खीरी। सिंगाही-बेलरायां पनवारी स्टेट मार्ग पर स्थित सिद्ध बाबा मंदिर के पास बुधवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई और मौके पर लोगों की भारी भीड़ जुट गई। जानकारी के अनुसार, तकियापुरवा निवासी प्रहलाद (31) पुत्र सीताराम अपनी पत्नी के ननिहाल लालापुर में आयोजित मुंडन कार्यक्रम में शामिल होने आया था। कार्यक्रम के बाद वह लालापुर निवासी सचिन (22) पुत्र शिवभगवान के साथ घरेलू सिलेंडर लेने सिंगाही गया था।

दोपहर करीब 12 बजे दोनों युवक मोटरसाइकिल से वापस लौट रहे थे। जैसे ही वे सिद्ध बाबा मंदिर के पास पहुंचे, तभी बेलरायां की ओर से आ रहे एक अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।

हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। आसपास के लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और एम्बुलेंस की सहायता से दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) निघासन भिजवाया गया। सीएचसी में चिकित्सकों ने जांच के बाद प्रहलाद को मृत घोषित कर दिया, जबकि सचिन की हालत नाजुक देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। थाना प्रभारी दिलीप कुमार चौबे ने बताया कि मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया है।

अज्ञात वाहन की तलाश के लिए पुलिस टीमों को लगाया गया है और जल्द ही आरोपी चालक को पकड़ लिया जाएगा। घटना के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है। वहीं क्षेत्रीय लोगों में भी शोक और आक्रोश का माहौल है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि इस तरह की घटनाओं पर रोक लगाई जा सके।

## बीएचयू विशवनाथ मंदिर में पहली बार लगी चित्रकला प्रदर्शनी, कार्यशाला कला आराधना का समन्वय

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

वाराणसी। काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के विश्वनाथ मंदिर परिसर में पहली बार बुधवार को दृश्य कला संकाय की ओर से एक दिवसीय राष्ट्रीय कला प्रदर्शनी और कार्यशाला ल्लकला आराधनाङ्क का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के कुलपति प्रो. आनंद कुमार त्यागी ने किया। इस अवसर पर प्रोफ़ेसर त्यागी ने मंदिर के पवित्र परिसर में इस कलात्मक पहल की प्रशंसा की और विद्यार्थियों को भारतीय ज्ञान परम्परा और समृद्ध इतिहास से ज्यादा से ज्यादा सीखने के लिए प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथि बीएचयू के छात्र अधिष्ठाता प्रो. रंजन कुमार सिंह, संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति तथा संस्कृत विद्या धर्म विज्ञान संकाय के प्रमुख प्रो. राजाराम शुक्ल, विश्वनाथ मंदिर के मानद व्यवस्थापक प्रो. ब्रजभूषण ओझा, डॉ संतोष कुमार सिंह, विश्वविद्यालय कार्यकारिणी सदस्य प्रो. यू.पी. शाही, महिला महाविद्यालय बीएचयू की प्राचार्या प्रो. रीता सिंह, इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र के निदेशक डॉ. अभिजीत दीक्षित, विश्वविद्यालय के क्रीड़ा परिषद के अध्यक्ष प्रो. अनुपम कुमार नेमा, संयुक्त कुल सचिव डॉ संजय कुमार, चिकित्सा विज्ञान विभागाध्यक्ष प्रो. सुनील चौधरी, डॉ ललित मोहन अग्रवाल, पत्रकारिता विभागाध्यक्ष प्रो. ज्ञान प्रकाश मिश्रा आदि भी मौजूद रहे।

# वाराणसी : चैत्र नवरात्र के सातवें दिन भवानी गौरी व कालरात्रि की चौखट पर श्रद्धालुओं ने टेका माथा

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

■ भोर से ही अनवरत गूंज रहा देवी का जयकारा, गुड़हल का फूल, लाल चुनरी, नारियल, फल श्रद्धाभाव से किया अर्पित



वाराणसी। उत्तर प्रदेश की धार्मिक नगरी वाराणसी में वासंतिक चैत्र नवरात्र का सातवें दिन आदिशक्ति के गौरी स्वरूप भवानी गौरी और शुभंकरी कालरात्रि को समर्पित है। आदिशक्ति की आराधना में लीन श्रद्धालुओं ने बुधवार अलसुबह से ही नवदुर्गा के सातवें स्वरूप शुभंकरी कालरात्रि और गौरी स्वरूप भवानी गौरी का विधिवत दर्शन पूजन किया। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर परिक्षेत्र कालिका गली में स्थित मां कालरात्रि के दरबार में गूंजती घंटियों की आवाज और रह-रहकर जयकारा-सांचे दरबार की जय चहुंओर गुजांयमान रही। इस दौरान देवी की स्तुति-वंदना पचरा के साथ दरबार माला-फूल, धूप-बत्ती और लोहबान की गंध से महकता रहा। दरबार में हाजिरी लगाने आये श्रद्धालुओं ने माता के दरबार में माला, गुड़हल के पुष्प, चुनरी, नारियल, फल, मिष्ठान, सिंदूर, रोली, इत्र और द्रव्य अर्पित कर घर परिवार में सुख शान्ति की अर्जी लगाई। मंदिर के महंत सुरेन्द्र तिवारी के अनुसार आदिशक्ति का यह रूप शत्रु और दुष्टों का संहार करने वाला है। माता कालरात्रि का स्वरूप बहुत ही विकराल और रौद्र है। पुराणों के अनुसार माता के इस स्वरूप को चंड-मुंड और रक्तबीज सहित अनेकों राक्षसों का वध करने के लिए उत्पन्न किया गया था। देवी को कालरात्रि और काली के साथ चामुंडा के नाम से भी जाना जाता है। चंड-मुंड के संहार की वजह से मां के इस रूप को चामुंडा भी कहा जाता है। विकराल रूप में महाकाली की जीभ बाहर है। अंधेरे की तरह काला रंग, बाल खुले हुए गले में मुंडों की माला एक हाथ में खून से भरा हुआ पात्र, दूसरे में राक्षस का कटा सिर, हाथ में अस्त्र-शस्त्र । मान्यता है कि मां कालरात्रि का दर्शन करने मात्र से समस्त भय, डर और बाधाओं का नाश होता है। माता का वाहन गर्दभ है। उधर, गौरी स्वरूप में माता भवानी गौरी का दर्शन पूजन के लिए भी श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी रही। विश्वनाथ गली अन्नपूर्णा मंदिर के निकट श्रीराम मंदिर में स्थित दरबार में पहुंचे श्रद्धालुओं ने विधि विधान से भवानी गौरी का विधिवत दर्शन पूजन किया। काशी में ऐसी मान्यता है कि भवानी गौरी के दर्शन पूजन से व्यक्ति के अंदर से भय समाप्त हो जाता है। माता भगवती के दिव्य स्वरूप की आराधाना और उपासना से उसमें तप, त्याग, सदाचार, संयम और वैराग्य भाव में निरन्तर वृद्धि होती है।

# नवनिर्माण के 09 वर्षों में यूपी बना सुशासन, सुरक्षा और विकास का मॉडल : योगेंद्र उपाध्याय



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

कानपुर। नवनिर्माण के नौ वर्षों में उत्तर प्रदेश ने सुशासन, सुरक्षा और सर्वांगीण विकास का नया मानक स्थापित किया है और आज प्रदेश देश के लिए एक मॉडल के रूप में उभरा है। यह बातें बुधवार को प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री एवं प्रभारी मंत्री कानपुर नगर योगेंद्र उपाध्याय ने कहीं।

सरसैया घाट स्थित नवीन सभागार में आयोजित 'उत्तर प्रदेश नवनिर्माण के नौ वर्ष' कार्यक्रम के तहत प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश ने हर क्षेत्र में व्यापक परिवर्तन देखा है। उन्होंने इस अवधि को ल्लउत्कर्ष के वर्षङ्क बताते हुए कहा कि गांव, गरीब, किसान, युवा और महिलाओं के जीवन स्तर में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की उपस्थिति के बीच उन्होंने कानून व्यवस्था से लेकर अधोसंरचना, शिक्षा, निवेश और सामाजिक योजनाओं तक हुए बदलावों का उल्लेख किया। मंत्री उपाध्याय ने कहा कि प्रदेश में लागू शून्य सहनशीलता नीति के परिणामस्वरूप कानून व्यवस्था में अभूतपूर्व सुधार हुआ है और डकैती, लूट, हत्या एवं अपहरण जैसे अपराधों में उल्लेखनीय कमी आई है। संगठित अपराध और माफिया तंत्र पर प्रभावी कार्रवाई से सुरक्षा और विश्वास का वातावरण मजबूत हुआ है। महिला सुरक्षा के दृष्टिगत मिशन शक्ति, महिला हेल्पलाइन सेवाओं और बीट पुलिसिंग जैसे उपायों से महिलाओं को सुरक्षित वातावरण मिला है। साथ ही साइबर अपराध थानों की स्थापना और विधि विज्ञान प्रयोगशालाओं के विस्तार से पुलिस व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ किया गया है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश आज देश का सबसे बड़ा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम केंद्र बन चुका है और 50 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। एक्सप्रेस-वे नेटवर्क, हवाई अड्डों का विस्तार, रक्षा औद्योगिक गलियारा और डिजिटल कनेक्टिविटी ने प्रदेश को औद्योगिक विकास का प्रमुख केंद्र बना दिया है। कृषि क्षेत्र में भी उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई है, जहां गन्ना किसानों को रिकॉर्ड भुगतान सुनिश्चित किया गया है और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के माध्यम से करोड़ों किसानों को आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। कानपुर नगर के विकास पर प्रकाश डालते हुए मंत्री ने बताया कि वर्ष 2017 से अब तक जनपद में लगभग एक हजार पांच सौ तीन करोड़ उन्यासी लाख रुपये की लागत से 252 विकास परियोजनाएं पूर्ण की गई हैं। आवास, स्वच्छता, स्वास्थ्य, शिक्षा और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का व्यापक विस्तार हुआ है। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत बड़े पैमाने पर शौचालय निर्माण कर स्वच्छता को बढ़ावा दिया गया है, जबकि आयुष्मान भारत योजना के तहत लाखों लोगों को स्वास्थ्य सुरक्षा का लाभ मिला है। जनधन, उज्ज्वला और स्वनिधि जैसी योजनाओं के माध्यम से जरूरतमंद वर्ग को आर्थिक रूप से सशक्त किया गया है। अधोसंरचना विकास में कानपुर मेट्रो, रिंग रोड, तापीय विद्युत परियोजनाएं और स्मार्ट सिटी के अंतर्गत विकसित सुविधाएं शहर को आधुनिक स्वरूप दे रही हैं। शिक्षा क्षेत्र में ई-लर्निंग, स्मार्ट कक्षाएं, ई-लाइब्रेरी और टैबलेट वितरण जैसी पहलों से विद्यार्थियों को आधुनिक शिक्षा उपलब्ध कराई जा रही है।

## सड़क हादसे में पति-पत्नी समेत तीन लोगों की मौत

सोनभद्र। उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले में करमा थाना क्षेत्र में राबर्ट्सगंज मीरजापुर मार्ग पर मंगलवार की देर रात एक बजे दो मोटरसाइकिल के आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में पति-पत्नी समेत तीन लोगों की मौत हो गई, जबकी दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। थाना प्रभारी ने बताया कि राबर्ट्सगंज-मीरजापुर मार्ग पर करकी ग्राम पंचायत के पास देर रात में एक बजे दो मोटरसाइकिल की टक्कर हो गई। इस घटना में एक मोटरसाइकिल पर सवार जौनपुर जिले के जय सिंह, उनकी पत्नी सरिता सिंह की मौके पर ही मौत हो गई।दूसरी बाइक पर सवार तिलौली निवासी चालक चंदू की जिला चिकित्सालय लोढ़ी में इलाज के दौरान मृत घोषित कर दिया है।

# नि:शुल्क चिकित्सा से वंचित सेवानिवृत्त शिक्षकों ने किया प्रदर्शन

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



जौनपुर। यूपी के जौनपुर में संयुक्त पेंशनर्स कल्याण समिति के बैनर तले बुधवार को सैकड़ों पेंशनर्स ने अपनी मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद उन्होंने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा। इस दौरान पेंशनर्स ने केंद्र सरकार के एक वित्त अधिनियम पर भी चिंता व्यक्त की।

समिति के जिला संरक्षक सत्यदेव सिंह और जिला संयोजक उमा शंकर मिश्र ने कहा कि प्रस्तावित अधिनियम पेंशनभोगियों का वर्गीकरण कर उनके बीच भेदभाव पैदा करेगा। आरोप है कि इसे बिना पूर्व सूचना के वित्त विधेयक के रूप में लोकसभा में पेश कर जल्दबाजी में पारित किया गया। यदि यह लागू हुआ तो पेंशनभोगियों की पात्रता उनकी सेवानिवृत्ति तिथि के आधार पर तय होगी, जिससे पुराने पेंशनरों को वेतन आयोग की सिफारिशों का लाभ नहीं मिल सकेगा। समिति ने कहा कि इससे पेंशनर्स को आर्थिक नुकसान होगा, खासकर बढ़ती महंगाई के दौर में यह स्थिति और गंभीर हो सकती है। विभिन्न पेंशनर संगठनों ने इस मुद्दे पर एकजुटता दिखाते हुए इसे वापस लेने की मांग की है। इसी बीच उत्तर प्रदेश के सेवानिवृत्त प्राथमिक शिक्षकों ने भी अपनी नाराजगी जाहिर की। उनका कहना है कि 5 सितंबर 2025 को शिक्षक दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री ने निःशुल्क कैशलेस चिकित्सा सुविधा देने की घोषणा की थी, लेकिन जारी शासनादेश में उन्हें शामिल नहीं किया गया। सेवानिवृत्त शिक्षकों ने बताया कि वे लंबे समय से राज्य कर्मचारियों की तरह इस सुविधा की मांग कर रहे हैं, लेकिन अब तक उन्हें इसका लाभ नहीं मिल सका है। उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग की है कि उन्हें भी योजना में शामिल कर निःशुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाए।


## संपादक मण्डल

**संस्थापक/संरक्षक**
संजीव श्रीवास्तव

**प्रधान संपादक**
हरिनाथ सिंह

**समूह सम्पादक**
डा. सुशील चन्द्र त्रिवेदी 'मधुपेश'

**सलाहकार संपादक**
डॉ एमएए खान आईएएस (रि)
डॉ ओम प्रकाश आईएएस (रि)
आर पी शुक्ल आईएएस (रि)
राधेश्याम मिश्रा आईएएस (रि)
विवेक वार्ष्णेय आईएएस (रि)
आशुतोष रंजन
अनिल तिवारी

**स्थानीय संपादक**
दिनेश कुमार गर्ग

**कार्यकारी संपादक**
अभयानंद शुक्ल

**आध्यात्मिक संपादक**
राम महेश मिश्र

**ब्यूरो चीफ**
मनोज कुमार शुक्ला

**स्टेट कोआर्डिनेटर**
विपिन सोनी

**संपर्क मुख्यालय**
कार्यालय फोन नं.: 0522-4643988
www.rashtriyaprastavana.com
ई-मेल: noidarp@gmail.com

**संपर्क कार्यालय**
प्रधान कार्यालय: 1/39, प्रथम तल करामत मार्केट, निशातगंज, लखनऊ
प्रशासनिक कार्यालय: 61 ए, मानस नगर, जियामऊ, हज़रतगंज, लखनऊ


# गड़बड़ा धाम में उमड़ा आस्था का सैलाब, जवारी के साथ 50 हजार श्रद्धालुओं ने किया दर्शन

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



मीरजापुर। चैत्र नवरात्र की सप्तमी तिथि पर बुधवार को गड़बड़ा धाम स्थित आदि शक्ति मां शीतला के दरबार में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। करीब 50 हजार से अधिक भक्तों ने जवारी के साथ मां के दर्शन-पूजन कर मनोकामनाएं मांगीं।

भोर में चार बजे मंगला आरती के बाद मंदिर का कपाट खुलते ही दर्शन-पूजन का सिलसिला शुरू हो गया। सेवटी नदी में स्नान के बाद पुरुष और महिलाएं अलग-अलग कतारों में खड़े होकर मां के दर्शन के लिए आतुर नजर आए। दूरदराज के सैकड़ों गांवों से ट्रैक्टरों पर जवारी लेकर पहुंचे श्रद्धालुओं ने धाम में पहुंचकर पूजन किया। कुमारी कन्याओं ने सिर पर जवारी लेकर मां के दरबार में दर्शन कर सेवटी नदी में विसर्जन किया। श्रद्धालु नारियल, चुनरी, हलवा-पूरी, फल-फूल और मिष्ठान लेकर मां के चरणों में अर्पित करते रहे। मान्यता के अनुसार, बड़ी संख्या में बच्चों के मुंडन संस्कार भी कराए गए। मंदिर का कपाट खुलते ही मां की एक झलक पाकर श्रद्धालु भाव विभोर हो उठे। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव पुलिस बल के साथ तैनात रहे, जबकि महिला पुलिस गर्भगृह में व्यवस्था संभालती दिखी। मंदिर प्रबंधन ने सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जा रही थी। पुजारी मंगल धारी ने बताया कि दिनभर में 50 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन किया। मेले में लगी दुकानों पर महिलाओं ने जमकर खरीदारी भी की।

# प्रयागराज : बसपा नेता कोल्ड स्टोरेज हादसे के पीड़ित परिवारों से मिले, मुआवजे की मांग

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



प्रयागराज। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले में स्थित फाफामऊ थाना क्षेत्र में आदर्श कोल्ड स्टोरेज हादसा स्थल पर बुधवार को बहुजन समाज पार्टी के वरिष्ठ नेता राजू गौतम कार्यकर्ताओं के साथ पहुंचे और हादसे में मृत जगदीश के परिवार से मिले । हाल चाल लेने के बाद कहा कि हादसे की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाय। उन्होंने कहा कि हादसे में मृत मजदूरों के परिवारों को 50 लाख रुपये मुआवजा तथा घायलों को 20 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाए। बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष बहन कुमारी मायावती के दिशा-निर्देश पर बुधवार को बहुजन समाज पार्टी के नेताओं ने आदर्श कोल्ड स्टोरेज, फाफामऊ में घटित दर्दनाक घटना स्थल पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली। इस हादसे में अब तक 4 लोगों की मौत हो चुकी है तथा 12 लोग घायल बताए जा रहे हैं। इस दौरान बहुजन समाज पार्टी के वरिष्ठ नेता राजू गौतम वरिष्ठ नेता , राकेश कुमार गौतम पूर्व जिला अध्यक्ष कौशांबी, मनीष गौतम पूर्व जिला महासचिव, शिवांश गौतम सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने मृतक पीड़ित परिवार जगदीश कुमार के घर पहुंचकर उनकी पत्नी एवं बच्चों से मुलाकात की तथा आर्थिक सहायता और गृहस्थी में प्रयोग होने वाली राशन सामग्री प्रदान की।

# मां चौकिया धाम में 40 फीट का लाल फरहरा स्थापित, 90 साल पुरानी परंपरा का भव्य निर्वहन



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



जौनपुर। उत्तर प्रदेश के जनपद जौनपुर में चैत्र नवरात्र की सप्तमी के पावन अवसर पर बुधवार को मां चौकिया धाम में राजपूत राठौर परिवार द्वारा 40 फीट ऊंचा लाल फरहरा स्थापित कर लगभग 90 वर्षों पुरानी परंपरा को श्रद्धा और भक्ति के साथ निभाया गया। इस विशाल फरहरे पर 'जय मां शीतला' अंकित रहता है, जो आस्था और विश्वास का प्रतीक है। इस धार्मिक आयोजन की शुरुआत जौनपुर रेलवे स्टेशन के भंडारी मोहल्ले से होती है, जहां से श्रद्धालु नंगे पांव यात्रा प्रारंभ करते हैं। ढोल-नगाड़ों और जयकारों के साथ यह शोभायात्रा जौनपुर जंक्शन, मील चौराहा और नई सब्जी मंडी होते हुए आगे बढ़ती है। मार्ग में श्रद्धालु पंचमुखी हनुमान मंदिर पर माथा टेकते हुए मां शीतला का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं और फिर चौकिया धाम पहुंचते हैं। मंदिर पहुंचने के बाद श्रद्धालु पूरे विधि-विधान से फरहरे को मां शीतला के गुंबद पर स्थापित करते हैं। इस दौरान हवन-पूजन और भक्ति भाव से दर्शन का आयोजन किया जाता है। मंदिर के महंत विवेकानंद पांडा ने सभी भक्तों को तिलक लगाकर आशीर्वाद दिया और इस दिव्य आयोजन को 'अद्भुत' बताया। मंदिर अध्यक्ष विकास पांडा समेत पांडा परिवार के सदस्यों ने राजपूत राठौर परिवार का स्वागत करते हुए इस परंपरा को ऐतिहासिक और गौरवपूर्ण बताया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे, जिससे पूरा परिसर भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो उठा।

# जीरो पॉवर्टी अभियान के तहत प्रयागराज में 28,974 परिवार चिन्हित

■ सरकारी योजनाओं का लाभ देने की प्रक्रिया तेज

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



प्रयागराज। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जीरो पॉवर्टी अभियान के अंतर्गत प्रयागराज जनपद में निर्धनतम परिवारों को चिन्हित कर उन्हें सरकारी योजनाओं से आच्छादित करने की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। अभियान के तहत जिले में 28,974 परिवारों का चिन्हीकरण किया गया है, जिन्हें चरणबद्ध तरीके से आवास, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार से संबंधित योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। यह जानकारी बुधवार को मुख्य विकास अधिकारी हर्षिका सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि वर्ष 2024 में 2 अक्टूबर को शुरू किए गए जीरो पॉवर्टी अभियान का उद्देश्य ग्राम पंचायत स्तर पर सबसे गरीब परिवारों की पहचान कर , उन्हें विभिन्न सरकारी योजनाओं में प्राथमिकता देना और उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार कर आत्मनिर्भर बनाना है। प्रयागराज जनपद में चिन्हित परिवारों को योजनाओं से संतृप्त करने के लिए संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए हैं। सीडीओ ने बताया कि जीरो पॉवर्टी अभियान के तहत चिन्हित 28,974 निर्धनतम परिवारों को सभी सरकारी योजनाओं के लाभ से आच्छादित किए जाने के लिए विभागवार कार्रवाई की जा रही है। प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास योजना से अब तक वंचित रहे 12,532 परिवारों को आवास योजना से लाभान्वित करने की प्रक्रिया भी तेजी से चल रही है। वहीं उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से भी गरीब परिवारों को स्वरोजगार से जोड़ने का काम किया जा रहा है। मिशन के तहत जनपद में 20,018 परिवारों को जोड़ने का लक्ष्य रखा गया था, जिसमें से 4,922 परिवार पहले से जुड़े थे। शेष 14,081 परिवारों को जोड़ने का लक्ष्य था, जिसमें से अब तक 11,816 परिवारों को आजीविका मिशन से जोड़ा जा चुका है। इस प्रकार लगभग 84 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त कर लिया गया है। अधिकारियों का कहना है कि अभियान के अंतर्गत शेष परिवारों को भी जल्द से जल्द योजनाओं से आच्छादित कर जनपद में गरीबी उन्मूलन की दिशा में प्रभावी कार्य किया जाएगा।